

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 196 | ग्वालियर गुरुवार 23 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


इंडिया आइडिया समिट में पीएम का संबोधन

## अपार संभावनाओं का देश बनकर उभर रहा है भारत

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया आइडियाज समिट में कहा है कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ आशाभरी निगाहों से देख रहा है, ऐसा इसलिए क्योंकि भारत अपने यहां खुलेपन, अवसरों और विकल्पों के शानदार समन्वय को महत्व दे रहा है। उन्होंने इसे विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत अपने लोगों और शासन में खुलेपन को बढ़ावा देता है। यूएस-इंडिया बिजनस काउंसिल की ओर से आयोजित इस समिट में उन्होंने कहा, %पिछले छह सालों में हमने अपनी अर्थव्यवस्था को और खोलने और सुधार आधारित बनाने की दिशा में कई प्रयास किए। सुधारों से प्रतिस्पर्धा, पारदर्शिता, डिजिटाइशन और इनोवेशन को बल मिला। साथ ही, नीतियों में स्थिरता आई। मोदी ने भारत को अवसरों का देश



बताते हुए यहां अमेरिकी कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने कहा, %भारत अवसरों के देश के रूप में उभर रहा है। आपको टेक सेक्टर का उदाहरण देते हैं। हाल ही में भारत में एक दिलचस्प रिपोर्ट आई जिसमें कहा गया कि पहली बार गांवों में इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों की तादाद शहरों से ज्यादा हो गई है।% उन्होंने कहा कि टेक्नॉलजी में अवसरों का मतलब है कि 5त्न टेक्नॉलजी, बिग डेटा ऐनालिटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स में भी अवसर पैदा होने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। यहां कृषि क्षेत्र में निवेश के कई मौके बने हैं। इनमें खेती की लागतों, खेती से जुड़ी मशीनों और उपकरणों, ऐग्रिकल्चर सप्लाइ चेन मैनेजमेंट, रेडी टु ईट आइटम्स, मत्स्यपालन और ऑगर्नेकि फसल आदि शामिल हैं।मोदी ने कहा % भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में भी निवेश की अपार संभावनाएं हैं। यहां स्वास्थ्य क्षेत्र सालाना 22 प्रतिशत से भी ज्यादा तेज बढ़ रहा है। इसी तरह आपको भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए भी आमंत्रित करता हूं। यहां भारतीय कंपनियों के लिए बड़े मौके हैं। भारत आपको इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में निवेश को भी आमंत्रित करता है। पीएम ने कहा, हमार देश इतिहास में सबसे बड़ा इन्फ्रास्टक्चर निर्माण का अभियान चल रहा है। लाखों-करोडों घर बनाना हो या सड़कें या फिर हाइवेज या बंदरगाह, अमेरिकी कंपनियां अपनी भागीदारी निभा सकती हैं।% प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया को बेहतर भविष्य की दरकार है, हम ही अपने सामूहिक प्रयासों से भविष्य को संवार सकते हैं, मेरा पूर्ण विश्वास है कि भविष्य के प्रति हमारी नीतियां निश्चित रूप से मानव केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने कहा %हालिया अनुभवों ने हमें सिखाया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था दक्षता और अनुकूलन (एफिशिएंसी और ऑप्टिमाइजेशन) पर कुछ ज्यादा ही केंद्रित रही है। दक्षता अच्छी चीज है, लेकिन इस दिशा में आगे बढ़ते हुए हम इतना ही महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यान देना भूल गए। यह महत्वपूर्ण बिंदु है- बाहरी आपातकालीन प्रतिकूलताओं से इसे निष्प्रभावी बनाना।पीएम ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को इन आपातकालीन प्रतिकूलताओं से फुल प्रूफ बनाने के लिए हमें घरेलू आर्थिक क्षमताओं को मजबूत करना होगा। यानी, हमें विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) को बढ़ाकर, फाइनैंशल सिस्टम को दुरुस्त करना होगा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बहुमुखी बनाना होगा।

## राज्यसभा: 45 सांसदों ने ली शपथ

### दिग्विजय-सिंधिया का हुआ आमना-सामना



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को उच्च सदन के नवनिर्वाचित 61 सदस्यों में से 45 को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कोविड-19 महामारी के कारण अंतर सत्र के दौरान शपथ ग्रहण समारोह राज्यसभा के चैंबर में आयोजित किया गया। इस दौरान सदन में एक दिलचस्प तस्वीर देखने को मिली। दरअसल, अक्सर एक-दूसरे पर बयानों के तीर चलाने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह का राज्यसभा में आमना-सामना हुआ। दोनों ही नेताओं ने मास्क पहना हुआ था। जब दोनों नेता एक-दूसरे के आमने-सामने आए तो दोनों ने एक-दूसरे के सामने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। दोनों नेता जब एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार रहे थे उस वक्त वहां राज्यसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद गुलाम नबी आजाद भी मौजूद थे। गुलाम नबी आजाद भी हाथों से कुछ इशारा करते हुए दिखाई दिए। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि आजाद भी हाथों से कुछ इशारा कर रहे हैं। गौरतलब है कि इसी साल सिंधिया ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद सिंधिया और दिग्विजय के बीच काफी जुबानी जंग हुई थी। जहां सिंधिया ने कमलनाथ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला वहीं, दिग्विजय खुलकर कमलनाथ के पक्ष में उतर गए । बताया जाता था कि सिंधिया की बगावत के पीछे एक वजह राज्यसभा सीट भी थी, जिस पर दिग्विजय को चुना गया। बता दें कि, शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में 36 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ले रहे हैं। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव/उपचुनाव में 20 राज्यों से 61 सदस्य चुनकर आए हैं, जिनमें से 45 ने आज शपथ ली। सदस्यों ने सामाजिक दूरी के मानकों का पालन करते हुए शपथ ग्रहण किया । वहीं, इस अवसर पर उपराष्ट्रपति एवं उच्च सदन के सभापति वेंकैया नायडू ने कहा कि देश के विधि निर्माता के रूप में आपका चुनाव हुआ है। अपने दायित्व के निर्वहन में आप सुनिश्चित करें कि सदन में आपका आचरण नियमों के अनुकूल हो, स्थापित मानदंडों के अनुरूप हो और सदन के बाहर आपका आचरण नैतिकता के मानदंडों के अनुसार हो। उन्होंने कहा कि तत्काल लाभ के लिए सदन में बाधा-व्यवधान डालने के प्रलोभन में न पड़ें बल्कि जनता की दृष्टि में इस सदन का सम्मान बढ़ाने के प्रति सदैव सचेत रहें। कानून का शासन लागू हो यही देश का विधान है। और इसकी शुरुआत आप ही से होती है, जब आप सदन के नियमों और प्रथाओं का पालन करते हैं।



## सेना को मिली ध्रुवास्त्र मिसाइल, सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को मिली बड़ी कामयाबी मिली हे मेड इन इंडिया ध्रुवास्त्र का सफल परीक्षण किया गया है। इसकी के साथ ध्रुवास्त्र मिसाइल ध्रुव हेलिकॉप्टर पर की जाएगी तैनात मेक इन इंडिया मुहिम के तहत देश की सेना को लगातार मजबूत किया जा रहा है. सेना की ताकत में एक और नाम जुड़ गया। एंटी टैंक ध्रुवास्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया है, ये मिसाइल मेड इन इंडिया है. और दुश्मन को पूरी तरह से ध्वस्त करने का माद्दा रखती है. ओडिशा के बालासोर में 15-16 जुलाई को इसका टेस्ट हुआ, जिसके बाद अब इसे सेना को सौंप दिया जाएगा। इसका इस्तेमाल भारतीय सेना के ध्रुव हेलिकॉप्टर के साथ किया जाएगा। यानी अटैक हेलिकॉप्टर ध्रुव पर इसे तैनात किया जाएगा, ताकि वक्त आने पर दुश्मन को सबक सिखाया जा सके। हालांकि, अभी जो टेस्ट किया गया है वो बिना हेलिकॉप्टर के किया गया है। पहले इस मिसाइल का नाम नाग था, जिसे अब बदलकर ध्रुवास्त्र किया गया है.

राजा मान सिंह फर्जी एनकाउंटर मामले में

## 11 पुलिसकर्मी को उम्रकैद



**नई दिल्ली ।** राजस्थान के भरतपुर जिले के राजा मान सिंह के फर्जी एनकाउंटर मामले में आज 22 जुलाई बुधवार को मथुरा के जिला और सत्र न्यायलय ने अपना फैसला सुना दिया है। सत्र अदालत ने अपने फैसले में सभी 11 पुलिसवालों को उम्रकैद की सजा सुनाई है और कोर्ट ने माना है कि यह एनकाउंटर फर्जी है। बता दें 35 साल बाद न्याय मिलने के बाद राजा के परिवार वाले खुश हैं और उन्होंने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होने कहा है कि देर से ही मिला मगर उन्हें न्याय मिला है। वहीं दूसरी ओर पुलिस का पक्ष रखने वाले वकील का कहना है कि वह इस मामले को लेकर हाइकोर्ट जाएंगे। कोर्ट ने अपने फैसले में 11 पुलिसवालों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को धाारा 148, 149 और 302 के तहत दोषी पाया है। बता दें इस एनकाउंटर में राजा समेत 3 लोगों की मौत हुई थी। दोषियों में शामिल लोगों में तत्कालीन सीओ कान सिंह भाटी और एसओ वीरेन्द्र सिंह भी शामिल थे। बता दें यह मामला 21 फरबरी 2020 का है।

अपहरण, देह व्यापार और मानव तस्करी के मामले में न्याय

## पोक्सो कोर्ट ने सुनाई सोनू पंजाबन को 24 साल की सजा

**नई दिल्ली ।** बारह साल की बच्ची के अपहरण, देह व्यापार और मानव तस्करी के मामले में सोनू पंजाबन को दिल्ली की द्वारका कोर्ट ने 24 साल की सजा सुनाई है। सोनू पंजाबन के साथ एक और दोषी संदीप बेदवाल को भी द्वारका कोर्ट ने रेप, अपहरण और मानव तस्करी के मामले में 20 साल की सजा सुनाई है। ये पहला मामला है जिसमें सोनू पंजाबन को पोक्सो कोर्ट ने सजा सुनाई



है। जानकारी के मुताबिक दोषी संदीप बेदवाल साल 2009 में नाबालिग को प्यार और शादी का झांसा देकर सीमा नाम की एक महिला के घर ले गया। वहीं पर संदीप ने नाबालिग के साथ रेप किया और फिर उसे सीमा नाम की महिला को बेच कर चला गया। सीमा ने नाबालिग से जबरन देह व्यापार कराया। इस बीच नाबालिग को कई बार बेचा गया। नाबालिग को सोनू पंजाबन ने भी खरीदा था। अभी भी इस मामले में कई लोगों की पुलिस को तलाश है।

## भारत-चीन हिंसक झड़प में शहीद संतोष बाबू की पत्नी को डिप्टी कलेक्टर बनाया

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच 15 जून को हुई हिंसक झड़प में शहीद होने वाले



कर्नल संतोष बाबू की पत्नी संतोषी को सरकारी नौकरी मिली है। उन्हें डिप्टी कलेक्टर के तौर पर नियुक्त किया गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बुधवार को संतोषी को नियुक्ति पत्र दिया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि उनकी पोस्टिंग हैदराबाद क्षेत्र में की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हमेशा शहीदों के परिवारों के साथ खड़ी है मुख्यमंत्री ने अपनी सचिव स्मिता सभरवाल को तब तक संतोषी के साथ रहने के लिए कहा है, जब तक कि वह पूरी ट्रेनिंग नहीं कर लेती। राव ने संतोषी के परिवार के 20 सदस्यों से प्रगति भवन में मुलाकात की और उनके साथ दोपहर का खाना खाया।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा-

## किसी भी आपात स्थिति को संभालने के लिए तैयार रहे वायुसेना

**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जिस तरह एयरफोर्स ने बहुत ही प्रोफेशनल ढंग से बालाकोट में एयर स्ट्राइक की थी, उसी तरह पूर्वी लद्दाख में भी वायुसेना ने अपनी तैनाती करके कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारतीय वायुसेना की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी वायुसेना का योगदान सराहनीय रहा है। रक्षा मंत्री का कहना है कि आईएएफ को किसी भी स्थितियों को संभालने के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना कमांडरों के तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन बुधवार को वायु मुख्यालय (वायु भवन) में किया। रक्षा मंत्री ने वायु सेना के कमांडरों को संबोधित करते हुए पिछले कुछ महीनों में अपनी परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए भारतीय वायुसेना की सेवाओं को सराहा। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में चीन की तैनाती के जवाब में भारतीय वायुसेना ने जिस तरह तेजी से तैनाती की, उसने बालाकोट में हवाई हमलों की तरह प्रतिकूल संदेश दिया है। रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर डी-एस्केलेशन के लिए चल रहे प्रयासों की सराहना की और भारतीय वायुसेना से किसी भी



स्थिति को संभालने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान कई मिशनों के दौरान निभाई गई भूमिका और किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए भारतीय वायुसेना की प्रशंसा की। उन्होंने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर होने पर जोर देते हुए कहा कि इस सम्मेलन का विषय अगले दशक में आईएएफ आने वाले दिनों में स्वदेशीकरण के प्रयासों को बढ़ाने के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) की नियुक्ति और सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए) बनने के बाद से तीन सेवाओं के भीतर तालमेल और एकीकरण बढ़ाने की दिशा में काफी प्रगति हुई है। रक्षा मंत्री ने प्रौद्योगिकी में बदलाव के लिए आईएएफ की भूमिका को स्वीकार करने और नैनो प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और अंतरिक्ष डोमेन में उभरती क्षमताओं को अपनाने पर भी जोर दिया।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## कोरोना को लेकर शिवराज सरकार हुई सख्त, अधिक संक्रमण वाले जिलों में दो दिन रहेगा लॉकडाउन

# नियम सिर्फ अधिकारी, कर्मचारियों, आम जनता के लिए हैं! सरकार के मंत्री कर रहे कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन

**पंकज त्रिपाठी**

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण की तेज रफ्तार को देखते हुए शिवराज सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार ने प्रदेश के उन जिलों में दो दिन लॉकडाउन लागू करने का ऐलान किया है, जिन जिलों से संक्रमण के अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

### *कोरोना को लेकर एक्शन में सरकार*

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने की समीक्षा बैठक मे गांवों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के दिए निर्देश दिये हैं। कोरोना से संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए अब राज्य सरकार भी एक्शन मोड में आ गई है। कोरोना संक्रमण की तेज रफ्तार को देखते हुए शिवराज सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार ने प्रदेश के उन जिलों में दो दिन लॉकडाउन लागू करने का ऐलान किया है, जिन जिलों से संक्रमण के अधिक मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे जिलों में दो दिन लॉकडाउन के साथ ही रात्रिकालीन कर्फ्यू भी रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक लागू रहेगा। इन जिलों में कार्यालय और दुकानें, शोरूम 30 से 50 फीसदी स्टाफ के साथ ही संचालित हो सकेंगे। ये फैसला कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।

## शिवराज सरकार के मंत्री कर कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों से उन अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है, जिन पर जबलपुर में एक शादी समारोह के दौरान कोरोना गाइडलाइन के उल्लंघन का आरोप लगा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी साफ कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी मास्क नहीं लगाता है। सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं करता है या अन्य तरीके से कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज के मंत्री जो नियमों को बनाकर आम आदमी, कर्मचारी, अधिकारियों पर कोरोना प्रोटोकॉल को लागू कर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई हैं किन्तु सरकार के गृहमंत्री स्वयं कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हुए उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। विगत दिनों प्रदेश के गृहमंत्री ने भोपाल की जेल का निरीक्षण किया था और स्वयं मॉस्क नही लगाते हुए साथ में कुछ वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे जो मॉस्क नहीं लगाए हुए थे और सोशल डिस्टेंस का पालन भी नहीं कर रहे थे। सवाल यह उठता है कि नियम सिर्फ आम आदमी व अधिकारी, कर्मचारियों के लिए ही बनाये जाते हैं और सरकार के मंत्री कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर रैलियां आयोजित कर रहे हैं और आमसभा को भी संबोधित कर रहे हैं तो मुख्यमंत्री अपनी सरकार के मंत्रियों के खिलाफ सबसे पहले कार्यवाही करें। बाद में आम आदमी के विरुद्ध सख्त कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिस किसी भी प्राइवेट दफ्तर या व्यावसायिक संस्थान में कोरोना से संक्रमण का कोई मामला सामने आता है, तो उसे 7 दिन के लिए सील कर दिया जाएगा। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने यह जानकारी भी दी कि प्रदेश के 53 गांवों में कोरोना से संक्रमण के मामले थे। संक्रमण वाले गांवों की तादाद अब 17 रह गई है। मुख्यमंत्री ने गांवों को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए, जिससे संक्रमण फैलने से रोका जा सके। गौरतलब है कि लगातार दो दिन संपूर्ण लॉकडाउन लागू रहेगा, यह फैसला तो हो चुका है। एक दिन भी तय है- रविवार का, लेकिन दूसरा दिन शनिवार होगा या सोमवार, इस पर अभी फैसला लिया जाना है। इस संबंध में जिला आपदा प्रबंधन समूह की राय से ही निर्णय होगा। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।

## सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया पर आरोप लगाने वाले कांग्रेसी पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें : शैलेंद्र पालीवाल

**भिंड ।** भारतीय जनता पार्टी फूप मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल ने कांग्रेस नेताओं द्वारा अटेर विधायक प्रदेश सरकार में स्वच्छ और इमानदार छवि रखने वाले प्रदेश सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया पर लगाए गए आरोपों का पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सबसे पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें कि हमने पहले किस व्यक्ति पर कीचड़ उछाल कर उनकी छवि को धूमल करने का प्रयास किया 7 भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल ने कहा कि कि मध्य प्रदेश में 15 माह से कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार चल रही थी अटेर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं पर उनके कांग्रेस नेताओं के इशारे पर झूठे मुकदमे ला दे गए उनको प्रताड़ित किया गया और वही उनके नेता विधायक डॉ अरविंद भदौरिया पर गलत आरोप लगाकर मान और सम्मान में ठेस पहुंचाने का काम किया विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे मध्यप्रदेश में सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदोरिया की ईमानदार छवि को धूमल करने का षड्यंत्र सबसे पहले इन्हीं कांग्रेस नेताओं ने रचाया था 7 उन्होंने कहा कि जब मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार का घटनाक्रम चल रहा था तब पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कमलनाथ और उनके कांग्रेसी नेता और उनके मंत्रिमंडल के पूर्व मंत्रियों ने डॉ अरविंद भदोरिया पर आरोप लगाकर उन को प्रताड़ित करने का प्रयास और उनके परिवार पर कीचड़ उछालने का प्रयास किया गया जब कांग्रेस के विधायक बेंगलुरु में रुके थे तब धरना स्थल पर कांग्रेसियों ने अरविंद भदौरिया आरोप लगाते हुए कहा और उन्हें रोक रहे हैं अपनी सारी मर्यादाओं को तोड़ दिया और उन्होंने मीरा कॉलोनी स्थित उनके निवास पर पुलिस द्वारा उनके भाई को उठाया गया और भोपाल निवास से उनके यहां काम कर रहे कर्मचारियों को भी बुलाकर तो फिर बुला कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया।



# अवैध हथियारों के क्रेता और विक्रेताओं पर बडौनी पुलिस की दबिश





**संदीप प्रधान ब्यूरो**

बडौनी पुलिस की बड़ी कार्यवाही एक ही दिन में 12 हथियार तस्करो को पकड़ 05 पिस्टल,02 रिवाल्वर,02 अधिया बन्दूक,05 कट्टो सहित 315 बोर के 15 कारतूस,32 बोर के 12 कारतूस,06 खाली खोके,18 मोबाईल,02 मोटर साईकिल,10000 नगद रुपये जप्त कर तोड़ी अवैध हथियार माफियाओं की रीढ़। अलग अलग स्थानों पर बड़ी वारदातों को अंजाम देने जा रहे 12 हथियार बंद बदमाशो को बडौनी पुलिस ने किया गिरफ्तार।एरई सरपंच विजय पटैल के यहां डकैती डालने की योजना बना रहे 6 हथियार बंद बदमाश गिरफ्तार। पकड़े गए बदमाशों से 2 अधिया, 3 कट्टा, 2 पिस्टल, और एक रिवाल्वर बरामद कर ली है।बड़ौनी थाना प्रभारी रवीन्द्र शर्मा ने डकैती डालने से पहले ही आरोपी वेटु खान निवासी सायनी मौहल्ला, रमेश कुशवाहा सेवढा चुंगी, गुलाब अहिरवार कुम्हेडी, राहुल अहिरवार महुआ, मनोज परिहार बगैदरी एवं शेरु कुशवाहा सेवढा चुंगी नामक बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया की पकड़े गए आरोपी एरई सरपंच के घर डकैती डालने की योजना बना रहे थे।वही मुखबीर की सूचना द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस ने 6 हथियार बंद बदमाशो को भी गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपी दीपक माली, विकाश बाल्मीक, जितेंद्र सेन, भगवान दास कुशवाहा, सोनू सेन, सादिक अली को गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 32 बोर की 4 पिस्टल 315 बोर के 2 कट्टे 7 जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिए है।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बड़ौनी स्ङ्ख्ङ्घ धर्मेन्द्र सिंह तोमर और बड़ौनी थाना प्रभारी रवीन्द्र शर्मा भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस महानिरीक्षक चम्बल रेंज के माध्यम से थाना प्रभारी बडोनी रविन्द्र शर्मा और उनकी टीम को 30000 रुपये नगदी ईनाम दिलाने की कि घोषणा। एक आम आदमी कि सूचना से हुआ पूरी टीम का सफाया, पत्रकार वार्ता में आम आदमी से अपराध संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को देने की कि अपील।

## विशाल सिंह बिसेन भाजपा सहयोगी संगठन मां भारती एवं भाजपा को समर्पित संस्था के राष्ट्रीय उप प्रचारक नियुक्त

**भिंड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नरेंद्र मोदी की विचारधारा एवं उनकी राष्ट्रीय नीति एवं जन कल्याण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने जिन का प्रचार प्रसार करने संगठन को ताकतवर बनाने हेतु सोशल मीडिया का सबसे शक्तिशाली संगठन भाजपा सहयोगी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक दुबे ने भिंड के समाजसेवी एवं कई संस्थाओं से जुड़े हुए रॉन क्षेत्र के विशाल सिंह बिसेन को राष्ट्रीय उप प्रचारक के पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व को आश्वासित किया है के संगठन की जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं कर्तव्य ता के साथ अपने दायित्व का निर्वाह करूंगा।



# गौ माता की रक्षा करना राजपुरोहित समाज की पहली प्राथमिकता

**पाली।** नेनाराम सिरवी=कोविड-19 की भयंकर महामारी के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए संपूर्ण प्रयास किए जा रहे/लेकिन बेजुबान मुक बधिर पशुओं के लिए जिले के सभी गौशाला में सहायक सरकार बन कर उभरे भामाशाह/पाली जिले के ग्राम पंचायत=बिटू मैं हरे नाम गौशाला मैं आज राजपुरोहित समाज द्वारा गौ माता के लिए प्रतिदिन हरी घास वितरण की जा रही/गौशाला के अध्यक्ष मोती सिंह राजपुरोहित उपाध्यक्ष हीर सिंह राजपुरोहित संचालक मंडल कमेटी के भीम सिंह राजपुरोहित इन सभी राजपुरोहित समाज के वरिष्ठ भामाशाह बेजुबान पशुओं के लिए संकट की स्थिति के द्वारा सहित सरकार बन कर उभरे/ग्राम पंचायत के मुख्य रोड पर बने गौशाला आज इस प्रकार जिले में अन्य गौशाला से यह गौशाला अलग इस गौशाला में प्रतिदिन गौ माता की सेवा के लिए संचालक मंडल की ओर से ग्वाला रखे गए/राजपुरोहित समाज का जिले में कई गौशाला में गौ माता की सेवा करने के लिए अलग-अलग प्रकार से महत्वपूर्ण सहयोग दिया आज इस गौशाला लंबे चौड़े आकार में बने सुंदर दृश्य जिस के अनुरूप गौमाता अपना सुख में जीवन बिताती /राजपुरोहित समाज का एक ही संकल्प गौ माता की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता जिसमें भीम सिंह राजपुरोहित द्वारा बताया गया कि राजपुरोहित समाज के वरिष्ठ भामाशाह एवं ग्राम के मुख्य भामाशाह द्वारा हरे नाम गौशाला की नींव काफी लंबे समय पहले रखी थी लेकिन आज इस गौशाला का विस्तार काफी लंबे चौड़े क्षेत्रफल के अनुसार हुआ/सैकड़ों को माता आज इस गौशाला के मुख्य सहायक बने गौ माता/गौशाला में गौ माता के स्वस्थ वातावरण रखने के लिए पेड़ पौधों का वृक्षारोपण की गौशाला में किया गया/पेयजल की व्यवस्था अलग-अलग भागों में की गई लेकिन यहां के वरिष्ठ भामाशाह को जितना श्रेय दिया जाए उतना कम संकट की स्थिति के दौरान सरकार के सहायक सरकार बने राजपुरोहित समाज के वरिष्ठ भामाशाह मौजूद रहे।



# ग्राम पंचायत हर गरीब मजदूर वर्ग के साथ खड़ी

**पाली नेनाराम सिरवी=**

कोराना वायरस की भयंकर महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखकर पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत वडेर वास के सरपंच लीला देवी सिरवी के नेतृत्व में आज उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया/जिसमें ए एन एम गायत्री श्रीमाली को कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए/ग्राम पंचायत सरपंच लीला देवी सिरवी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत हर गरीब मजदूर वर्ग के साथ खड़ी ग्राम पंचायत/जिसमें लीला देवी सिरवीने जलभराव की समस्या के बारे में बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जलभराव की स्थिति का निरीक्षण करके तुरंत प्रभाव से जलभराव की समस्या को कम किया जाएगा/जल संकट के बारे में लीला देवी सिरवी द्वारा बताया गया कि जलदाय विभाग के सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत लगे हुए अधिकारियों को जल समस्या के बारे में दिशा-निर्देश भी दिए और अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गर्मी के दौर के चलते जल स्तर नीचे जाने के कारण वर्तमान समय में जल की समस्या चल रही /एएनएम गायत्री श्रीमाली द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत सहायक सभी गांवों में नरेगा श्रमिकों को प्रतिदिन विश्वव्यापी महामारी को रोकने के लिए सामाजिक दिल बनाए रखने के लिए विशेष सुझाव दिए जा रहे /श्रीमाली द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायत के सभी गांवों में एएनएम आशा सहयोगिनी एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल डिस्टेंस के बारे में आमजन को प्रतिदिन सुझाव दिया जा रहा /ग्राम पंचायत सरपंच लीला देवी सिरवी के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया।



## आरएसएस संघ सेवकों व समाज सेवियों ने किया वृक्षोपण

हरियाली अमावस्या एवम् हरियाली तीज के पावन अवसर पर ग्राम मानगढ़ के पावन धाम श्री धुस्का सरकार हनुमान जी पर 501 पौधे लगाने का लक्ष पूरा किया गया। पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए ब्रक्षों के महत्व को बताया गया जिसमें राष्ट्रीय हिन्दू एकता संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एवं भाजपा सहयोगी संगठन राष्ट्रीय सह प्रचारक विशाल सिंह बिसेन ने लोगों को वृक्ष को



बचाने व हर व्यक्ति को वृक्ष लगाने एवम् उनका पालन पोषण करने को कहा आगे विशाल बिसेन ने कहा कि एक वृक्ष लगाने का महत्व यज्ञ के बराबर फलदाई होता है और एक वृक्ष को काटने पा पाप सेंकड़ों हत्याओं के बराबर होता अतः हमें प्रकृति को हरा भरा रखते हुए वृक्षों को लगाना अनिवार्य है नहीं तो आने वाले समय में बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। व्रक्षा रोपड़ में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राम नरेश शर्मा जी राहुल पुरोहित जी अंकित भारद्वाज हरेकृष्ण शर्मा जी अभय सिंह अवदेश प्रताप सिंह बरहेट रामनरेश बघेल बिरखड़ी हरिओम सोनी रौन सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता व ग्राम बासियों ने सहयोग दिया।

# भाजयुमो 24 से 31 जुलाई तक करेगा बिलासपुर में पौधारोपण - पवन ठाकुर

**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**



भाजयुमो जिला बिलासपुर की बुधवार को बैठक ऑनलाइन वेबक्स के माध्यम से हुई जिसमे ज़िला के सभी पदाधिकारी, मंडलो के अध्यक्ष व प्रदेश के पदाधिकारी ने अपनी उपस्थित दर्ज करवाई यह जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के ज़िला प्रवक्ता पवन ठाकुर ने कहा कि बैठक में जिला के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने आगामी कार्यकमों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि युवा मोर्चा 24 जुलाई से 31 जुलाई तक ज़िला बिलासपुर के 5 मंडलो में 50 जगह पौधरोपण के कार्यक्रम करेगी व 5000 पौधे युवा मोर्चा लगाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में युवा मोर्चा इस कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में लेकर काम करेगा व प्रदेश में 75000 पौधे लगाकर एक इतिहास रचेगा। इस कार्यक्रम के लिए 5 मंडलों के लिए 5 प्रभारी भी नियुक्त किये जायँगे। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने युवा मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा पार्टी का मुख्य अंग है और ये युवा मोर्चा ही आगामी चुनावों की दिशा भी तय करेगा इसलिए सभी पार्टी के द्वारा दिये सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लें व अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ें। इस बैठक में पार्टी के ज़िला प्रभारी व कौशल विकास निगम के संयोजक नवीन शर्मा ने भी ज़िला की टीम को संबोधित किया व अपना मार्गदर्शन दिया। इस बैठक में जिला के महामंत्री दिनेश ठाकुर व मनोज चंदेल, कोषाध्यक्ष कमल महाजन, कार्यकारणी सदस्य पंकज व मंडलो के अध्यक्ष विनोद ठाकुर, सोनू ठाकुर, प्रेम ठाकुर, देवांश चंदेल, सौरव सहित 40 पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कोरोना महामारी के चलते इस बार भाजपा महिला मोर्चा जवानो की जगह कोरोना वारियर्स को बांधेगी राखी

**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

भाई बहन के पवित्र बंधन रक्षा बंधन पर भाजपा महिला मोर्चा ने फैसला लिया है कि इस बार रक्षा बंधन पर जोकि इस बार 3 अगस्त को आ रहा है पर भाजपा महिला मोर्चा की सभी बहनें कोरोना महामारी के चलते इस बार जवानों को राखी बांधने नहीं जाएंगी यह फैसला कोरोना महामारी के चलते लिया है ताकि जवानों को किसी भी प्रकार का कोई रिस्क न हो। भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर जिला महासचिव अंजना चंदेल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बार हम कोरोना वारियर्स को राखी बांधने का कार्यक्रम हर मंडल में करेंगे। जिसके तहत सफाई कर्मचारी,पुलिस के लोग,डॉक्टर्स आदि को राखी बाँध कर रक्षा बंधन को मनाएंगे ! इस दौरान सोशल डिस्टनसिंग के किसी भी नियम को तोड़ा नही जायेगा और सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जायेगा ! इस दौरान सभी मास्क पहन कर ही इस कार्यक्रम को मनाएंगे ! इसके अलावा महिला मोर्चा की कोई भी सदस्य बाजार से राखी खरीद कर नही लायेंगी सभी सदस्य घर पर ही राखी का निर्माण करेगी और स्वयं निर्मित राखी बना मुफ्त में वितरण करेंगी। इस कार्य के लिए एक दिन सभी मंडल किसी जगह पर जा खुद कार्यकर्ता द्वारा बनाई राखियों को बाटेंगी ! उन्होंने बताया कि इस सारे कार्यक्रम के लिए महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा डढवाल को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है जिसके तहत सभी जिला प्रभारी उन्हें रिपोर्ट करेंगे।



## मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर भाजपा ने शोक व्यक्त किया

**भिंड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश की राजनीति से अपने जीवन की समाज सेवा को प्रारंभ करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े रहकर भारतीय राजनीति के विकास और संगठन को ताकत देने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व महामहिम राज्यपाल श्री लालजी टंडन जी के निधन पर भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल माननीय लालजी टंडन के निधन का दुखद समाचार मिला ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें 7 भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा नेताओं ने महामहिम लालजी टंडन जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिन्होंने मध्य प्रदेश के राज्यपाल जैसे गंभीर पद पर रहकर सर्व समाज के विकास के लिए प्रदेश की सरकारों को हमेशा अपने अभी भाषणों के माध्यम से जागृत किया 7 उनके विचार हम सबके लिए अनुकरणीय रहेंगे।



# खाद्य निरीक्षक की बदतमीजी:गल्ला व्यापारी का चावल पकड़ने के बाद उसकी पत्नी से बोला-अकेले में मेरी 'सेवा'करो

**लहार(अर्पित गुप्ता)।**

खाद्य निरीक्षक लहार ने गल्ला व्यापारी का चावल से भरा ट्रक पकड़ लिया। मामले में रिश्वत की मांग करने एवं बाद में व्यापारी की पत्नी से मोबाइल पर अमर्यादित बातचीत करने पर चंबल संभाग आयुक्त रवींद्र मिश्रा ने खाद्य निरीक्षक को निलंबित कर दिया। फुटकर गल्ला व्यापारी का 400 बोरी में भरा 240 क्विंटल चावल पक्का बिल तथा पूरी तौल होने के बावजूद सरकारी गोदाम में रखवा दिया था। व्यापारी ने न सिर्फ पुलिस में बल्कि कलेक्टर को भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। खाद्य निरीक्षक की महिला से हुई बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आए। गल्ले के फुटकर व्यापारी के अनुसार गत 06 जुलाई को 400 बोरी में भरा 240 क्विंटल चावल गोहद मंडी में विक्रय के लिए ले जा रहे थे, तभी खाद्य निरीक्षक वीरेंद्र शर्मा लहार ने उसे पकड़ लिया। चावल के पक्के बिल तथा पूरी तौल का रिकॉर्ड होने के बावजूद खाद्य निरीक्षक ने ट्रक को सरकारी गोदाम में खाली करवा दिया और बिना किसी कार्रवाई रिश्वत के लिए दबाव बनाने लगा।

### न पुलिस और न कलेक्टर ने सुनी इनकी फरियाद

विदित हो कि व्यापारी ने रिश्वत के एवज में पत्नी से अमर्यादित तरीके से बात करने एवं उसका गल्ला गायब करने की शिकायत लहार थाने में की थी। यदि कार्रवाई की गई होती तो स्थानीय स्तर पर ही व्यापारी को न्याय मिल जाता। इतना ही नहीं कलेक्टर वीरेंद्र रावत को भी शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन उसे वह ऑडियो वायरल करना पड़ा। नतीजतन कलेक्टर ने खाद्य निरीक्षक के निलंबन का प्रस्ताव चंबल संभाग आयुक्त को भेजा तो उन्होंने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# स्ट्रीट वेंडर्स को बैंक ऋण के लिए स्टाम्प ड्यूटी में छूट

## मंत्रि-परिषद के निर्णयः प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नवीन दिशा-निर्देशों को स्वीकृति



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद ने दिवंगत निरीक्षक श्री यशवंत पाल की पुत्री कु.फाल्गुनी पाल को विशेष प्रकरण मानकर उप निरीक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने तथा स्वं. निरीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी की पत्नी श्रीमती सुषमा चन्द्रवंशी को विशेष प्रकरण मानकर उप निरीक्षक (विशेष शाखा) के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया। मंत्रि-परिषद ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना को खरीफ 2020-21 से रबी 2022-23 की अवधि के लिए भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में क्रियान्वयन की स्वीकृति प्रदान की। मंत्रि-परिषद ने उद्योग संवर्धन नीति 2014 के अन्तर्गत परिधान क्षेत्र में रूपये 25 करोड़ से अधिक पूंजी निवेश की विनिर्माण इकाईयों को मेगा स्तर की औद्योगिक इकाई मान्य किये जाने संबंधी संशोधन को स्वीकृति प्रदान की। उल्लेखनीय है कि विनिर्माण क्षेत्र की अन्य परियोजनाओं में यंत्र एवं संयत्र में रूपये 100 करोड से अधिक पूंजी, निवेश करने वाली इकाईयों को मेगा स्तर की औद्योगिक इकाई का दर्जा प्राप्त है। मंत्रि-परिषद द्वारा उद्योग संवर्धन नीति, 2014 में संयंत्र एवं मशीनरी में रूपये 25 करोड़ के पूंजी निवेश की मेगा स्तर की निर्धारित विनिर्माण इकाईयों यथा- खाद्य प्रसंस्करण, जैव प्रौद्योगिकी, हर्बल व लघु वनोपज और आईटी परियोजनाओं मय परिधान क्षेत्र की विनिर्माण इकाईयों में %विस्तार/डायवर्सिफिकेशन% अंतर्गत निवेश प्रोत्साहन सहायता का लाभ देने हेतू न्यूनतम पूंजी निवेश की सीमा रूपये 10 करोड़ के स्थान पर रूपये 5 करोड़ किये जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए प्रारंभ ग्रामीण पथ व्यवसायी उत्थान योजना के अन्तर्गत बैंको से ऋण प्राप्त करने के लिये भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अन्तर्गत लगने वाला स्टाम्प शुल्क अधिकतम रूपये 50 करने का निर्णय लिया।



# ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूल हाडेतर अव्वल

शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण स्तर हमेशा पिछड़ा हुआ माना जाता है वहीं विशेष रूप से जब लड़कियों की शिक्षा की बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र में नगण्य स्तर पर है। लेकिन हाडेतर विद्यालय पिछले कई सालों से ग्रामीण स्तर पर बालिका शिक्षा को भी बढ़ावा दे रहा है और उसी की तर्ज पर हाल ही में आए परिणाम में कुल 14 बालिकाओं को गार्गी पुरूस्कार के लिए चयनित किया गया, जिसमें 9 कला वर्ग से और 5 विज्ञान वर्ग से हैं। हाल ही में आए कला वर्ग परिणाम में हाडेतर विद्यालय के छात्र गौतम कुमार s/o टिकमाराम ने 87.8 0प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर छात्रा रीना कुमारी ने 85.00प्रतिशत और तृतीय स्थान पर छात्रा नवीना कुमारी ने 83.80प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं विज्ञान वर्ग के परिणाम में छात्रा नारंगी कुमारी 84.80प्रतिशत अंक के साथ प्रथम एवं छात्र जोगाराम ने 82.20प्रतिशत के साथ द्वितीय और छात्रा कमला कुमारी ने 78.80प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य श्री रूडाराम रेबारी के मार्गदर्शन में समस्त अध्यापकों के अथक प्रयासों और मेहनत के बलबूते पर पिछले कई सालों से अनवरत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाडेतर को फाइव स्टार में सम्मिलित किया गया है। और अव्वल स्थान प्राप्त करने वालें छात्र को सम्मानित किया गया जिसमें गाँव के युवा सरपंच श्री दिनेश सिंह राजपुरोहित और अध्यापकों के साथ गाँव के ग्रामीण भी शामिल हुए। इस विद्यालय को उच्चता प्रदान करने वालें सभी अध्यापक सम्मानीय हैं जिसमें प्राध्यापक श्री महेश चंद्र लखारा(इतिहास) ,श्री रवीन्द्र कुमार राव (biology) , श्री पुरखाराम गोयल(राजनीति विज्ञान) , सन्दीप कुमार शर्मा ( रसायन विज्ञान) पवन कुमार (भौतिक विज्ञान) और वरिष्ठ अध्यापकों में श्री भंवरलाल डूडी, तेजपाल सिंह विश्नोई,भंवरलाल सारण, हरिराम चौधरी, भंवरलाल साहू और अध्यापक श्री नेमीचंद, हरचंद राम एवं अध्यापिका श्री मति केलीदेवी विश्नोई, खेमीदेवी और अतिरिक्त रमेश कुमार, मनोहर लाल और इस विद्यालय की नींव या कहो कि जिनके कारण ये विद्यालय खेल के क्षेत्र में भी उत्कर्ष योग दान दे रहा है तो वो अध्यापक हैं श्री भंवरलाल बिश्नोई जो शारीरिक शिक्षक हैं। इन्हीं समस्त गुरुजनों के कारण यह विद्यालय आज ग्रामीण क्षेत्र में होते हुए भी शिक्षा का सर्वश्रेष्ठ स्थान बन गया और बच्चों के सर्वांगीण विकास का सम्पूर्ण कार्य रहा है।

***कला वर्ग में गार्गी पुरस्कार हेतु चयनित छात्राएँ--**

1. रीना कुमारी- 85प्रतिशत
2. नवीना कुमारी-83.80प्रतिशत
3. दशा कँवर - 82.80प्रतिशत
4. रिन्का कुमारी - 81.80प्रतिशत
5. एलची कुमारी -77.80प्रतिशत
6. खुशबू गोयल- 76.20प्रतिशत
7. मीरा - 76.20 प्रतिशत
8. चम्पा कुमारी - 76प्रतिशत
9. ममता कुमारी - 75.80प्रतिशत

**विज्ञान वर्ग में गार्गी पुरस्कार हेतु चयनित छात्राएँ--**

1.नारंगी कुमारी - 84.80 प्रतिशत (bio =100)
2. कमला कुमारी - 78.80 प्रतिशत
3.आरती कुमारी - 78.40 प्रतिशत
4. पूजा कुमारी - 77.40 प्रतिशत

# महिला मोर्चा की बैठक 23 जुलाई को

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा की बैठक 23 जुलाई को प्रात: 11 बजे भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में आहूत की गई है। बैठक का आयोजन आगामी विधानसभा उपचुनाव की दृष्टि से किया गया है। महिला मोर्चा की इस बैठक को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं मोर्चा की प्रदेश प्रभारी व प्रदेश मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती लता ऐलकर संबोधित करेंगी। बैठक में मोर्चा की प्रदेश चुनाव समन्वयक श्रीमती आशा सेंगर सहित विधानसभा उपचुनाव में बनाए गए प्रभारी उपस्थित रहेंगी।

# सभी के मिले-जुले प्रयासों से कोरोना को देंगे मात - मंत्री सिसौदिया



जनपद पंचायत कर्मियों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए 5 लाख का चैक सौंपा

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया को जनपद पंचायत कर्मियों ने कोरोना निदान के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए 5 लाख रूपए राशि का चैक सौंपा। मंत्री श्री सिसौदिया ने जनपद पंचायत कर्मियों द्वारा दिये गये इस सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये जनपद पंचायतें भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हमे कोरोना के प्रति सजगता और जागरूकता लाने के साथ सावधानियां भी बरतना होगी। शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन किया जाये और ग्रामीणों को भी प्रोत्साहित किया जाये। श्री सिसौदिया ने कहा कि सभी के मिले जुले प्रयासों से हम कोरोना पर जीत हासिल करेंगे।

# पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से धान की रोपाई हुई आसान

**भोपाल।** खेती में उन्नत तकनीक और आधुनिक कृषि यंत्रों का इस्तेमाल कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की बात को समझते हुए किसान अब कृषि कार्य में मशीनों का उपयोग करने लगे हैं। ऐसी ही एक प्रगतिशील किसान हैं जबलपुर जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दिधौरा की सरला देवी पल्हा। जो खेत में धान की रोपाई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन का उपयोग कर रही हैं। हाथ से रोपा लगाने की तुलना में इस मशीन से कम समय में खेत में धान की रोपाई हो जाती है। मजदूरी की भी बचत हो रही है। धान की खेती की लागत कम और उत्पादन अधिक होता है धान की रोपाई कर रहे सरला देवी पल्हा के पुत्र आनंद मोहन पल्हा ने बताया कि पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से धान रोपाई की लागत करीब एक हजार रुपए प्रति एकड़ आती है। साथ ही मजदूरों से एक एकड़ धान की रोपाई करवाने पर करीब 4 हजार रुपए की लागत आती थी और 15 से 20 मजदूरों की एक टोली दिन भर में मात्र एक एकड़ खेत की ही रोपाई कर पाते थे। इस प्रकार मशीन से धान की रोपाई से करीब तीन हजार रुपए प्रति एकड़ की बचत हो रही है। पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन को सरला देवी के पौत्र कुशाग्र पल्हा चला रहे थे, जो शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर के पांचवें सेमेस्टर के आईटी संकाय के छात्र हैं। कुशाग्र ने खुशी से चहकते हुए बताया कि कालेज बंद है तो खेती-किसानी में परिवार का हाथ बंटा रहा हूं। इस मशीन से एक साथ छह लाईनों में धान की रोपाई हो जाती है। मशीन द्वारा एक दिन में 8 से 10 एकड़ के खेत में आसानी से रोपाई हो जाती है। कृषक आनंद मोहन पल्हा ने बताया कि हाथ से धान का रोपा लगाने के लिए मजदूरों को समस्या का भी सामना करना पड़ता था। लेकिन पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से अब यह समस्या दूर हो गई है।

# सब जेल बरेली के सहायक अधीक्षक निलंबित

**भोपाल ।** सब जेल बरेली के सहायक जेल अधीक्षक श्री विनय गढ़वाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय जिला जेल रायसेन किया गया है। डॉ. जी. आर. मीना, अतिरिक्त जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ ने कलेक्टर रायसेन के प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन की कार्यवाही की है। उल्लेखनीय है कि रायसेन जिले की सब जेल बरेली में 20 जुलाई को 67 बंदी एवं 3 जेल स्टाफ कोरोना पॉजिटिव पाये गये। सहायक जेल अधीक्षक श्री विनय गढ़वाल द्वारा कुछ बंदियों को सर्दी-जुकाम एवं बुखार के लक्षण होने के बाबजूद भी स्वास्थ्य परीक्षण कराकर प्रथक नही रखा गया, जिस के कारण जेल में अन्य कैदियों एवं स्टॉफ को कोरोना का संक्रमण हुआ।

# प्रत्येक पांच ग्राम पंचायतों पर एक उद्यानिकी मित्र



**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) तथा नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि कौशल विकास से प्रशिक्षित युवा कृषकों को स्व-रोजगार की दिशा में ले जाया जायेगा। विभाग की विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिये विभाग महती भूमिका निभाएगा राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंत्रालय स्थित कार्यालय में खाद्य प्रसंस्करण, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव भी बैठक में उपस्थित थीं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि कौशल विकास के साथ समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह में कार्य योजना बनाई जाये। उन्होंने कहा कि फल, सब्जी, के उत्पादन, विपणन और फूड प्रोसेसिंग के व्यवसाय को स्थापित करने पर बहुत बड़े वर्ग खासतौर पर ग्रामीण अंचल के छोटे, लघु सीमांत कृषक परिवारों के युवाओं को खुद के रोजगार के साथ अन्य को रोजगार देने की व्यापक संभावनाएं मौजूद है।

# आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में अपने विभाग की भूमिका का निर्धारण करें मंत्री : मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड-19 को देखते हुए आर्थिक क्षेत्र की समृद्धि और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक मंत्री अपने विभाग की आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में भूमिका के संबंध में विचार-विमर्श कर एक प्रारूप बनाएं। इस रोडमेप के अनुसार मासिक, त्रैमासिक और छमाही लक्ष्य बनाकर कार्य किया जाए। मंत्री गण विभागीय समीक्षा भी करें। यह समीक्षा जुलाई माह में ही संपन्न की जाना है। इसके बाद भी प्रति माह समीक्षा की जाएगी मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रि परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के



आत्मनिर्भर भारत के आव्हान और उनके इस मंत्र को मूर्त रूप देने के लिए मध्यप्रदेश में मंत्री, विभागीय स्तर पर प्रयास कर उन्हें क्रियान्वित करें। इसके लिए विद्वानों, विशेषज्ञों और प्रमुख संगठनों से भी चर्चा की जा सकती है। उनके सुझाव प्राप्त कर विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाया जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा 22 और 23 जुलाई को वे स्वयं मंत्रियों से वन-टू-वन चर्चा भी कर रहे हैं । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह पर 15 अगस्त 2020 के दिन समारोह सीमित व्यक्तियों की उपस्थिति के साथ मनाना आवश्यक है। सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए कार्यालयों में राष्ट्रध्वज फहराया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक न होकर प्रतीक स्वरूप हो। इनमें पारंपरिक रूप से बच्चों को बुलाए जाने और कार्यक्रम में शामिल करने की परंपरा इस वर्ष स्थगित रखी जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा इस संबंध में विचार कर शीघ्र अंतिम निर्णय लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मंत्रियों की विभाग की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर होना चाहिए। किसी भी स्त्रोत से विभाग से संबंधित जानकारी मिलती है तो मंत्री उसकी गहराई में जाएं। यदि समाचार-पत्र में भी कोई गलत तथ्य प्रकाशित है तो उसका प्रतिवाद करें। विभागीय योजनाओं के साथ उनके क्रियान्वयन की बाधाओं की जानकारी पर मंत्री निरंतर निगाह रखें। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रियों को विभागीय समीक्षा इसी माह करने के निर्देश दिए हैं। अगस्त माह में मुख्यमंत्री श्री चौहान भी विभागों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कैबिनेट बैठक में बताया कि अपराधिक तत्वों के विरुद्ध मुहिम जारी रहेगी।

## उपभोक्ता कानून

उपभोक्ता कानून में सोमवार से किए बदलावों से घटिया सामान बेचने वालों, गुमराह करने वाले विज्ञापन देने वालों को जेल की हवा खानी पड़ सकती है। घटिया सामान बेचने वालों को छह महीने की जेल हो सकती है या एक लाख रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। बड़े नुकसान पर ग्राहक को पांच लाख रुपए मुआवजा देना होगा और सात साल की जेल होगी। उपभोक्ता की मौत हो जाए तो मुआवजा दस लाख व सात साल या आजीवन कारावास भी संभव है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) के तहत अब ग्राहक किसी भी उपभोक्ता अदालत में शिकायत कर सकेगा, अभी तक शिकायत वहीं की जा सकती थी, जहां से सामान खरीदा गया हो। नया कानून 1986 के उपभोक्ता कानून का स्थान लेगा। भ्रामक विज्ञापन करने पर सेलिब्रिटी पर भी 10 लाख तक जुर्माना लगेगा। सेलिब्रिटी का दायित्व होगा कि वह विज्ञापन में किए गए दावे की पड़ताल कर ले। मिलावटी सामान और खराब प्रोडक्ट पर कंपनियों पर जुर्माना व मुआवजे का प्रावधान है। झूठी शिकायत करता है तो अब 50 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। सचाई यह है कि खेल या सिनेजगत की हस्तियों द्वारा प्रचारित चीजों के विज्ञापनों में यह घोषणा कहीं नहीं होती है कि इन चीजों का इस्तेमाल खुद उन हस्तियों ने किया है। कुछ ही समय पहले एक नामी बिल्डर के पास अपना घर बुक कराने वाले सैकड़ों आम लोगों ने महेंद्र सिंह धोनी को कानूनी नोटिस भेजा था कि उनके द्वारा किए गए भ्रामक प्रचार के झांसे में आकर उन लोगों ने उस बिल्डर की योजनाओं में पैसा लगाया था, लेकिन मकान सालों बीतने के बाद भी नहीं मिला। पैसा लगाने वाले इन निवेशकों का तर्क था कि धोनी इस बिल्डर के ब्रांड अंबेसडर हैं, इसलिए कुछ जिम्मेदारी उनकी भी बनती है। ऐसे में वे या तो उन्हें घर दिलाएं या फिर हर्जाना। फिर फास्ट फूड मैगी में हानिकारक तत्व की मौजूदगी के मामले के उजागर होने के बाद अमिताभ बच्चन, प्रीति जिंटा और माधुरी दीक्षित पर बिहार की एक अदालत ने पुलिस केस दर्ज करने और जरूरत पडने़ पर गिरफ्तार करने के निर्देश भी दिए थे। सवाल यही है कि क्या मशहूर लोगों और सिने हस्तियों को ऐसी चीजों का प्रचार करना चाहिए, जिनकी गुणवत्ता और उपयोगिता आदि को लेकर कई संदेह हो सकते हैं? क्या उन्हें ऐसी चीजों का बखान करना चाहिए जिनके वे खुद ग्राहक नहीं हैं, जिनका वे खुद तो इस्तेमाल नहीं करते, लेकिन उनके गुणों का बढ़-चढ़कर उल्लेख करते हुए जनता से उन्हें अपनाने की बात कहते हैं। बाजार में किसी भी उत्पाद को चर्चित कराने और उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए विभिन्न कंपनियां सिनेमा और खेल जगत की हस्तियों का सहारा लेती हैं। यह कतई जरूरी नहीं होता कि ये हस्तियां उन सारे उत्पादों का अपने जीवन में कोई इस्तेमाल करते हों, पर विज्ञापनों में उनकी छवि इस तरह पेश की जाती है कि वे उनका धड़ल्ले से इस्तेमाल करते हैं और उनके कई फायदे उन्हें नजर आए हैं। अपने चहेते सितारों को किसी चीज का प्रचार करते देख आम लोगों के मन में यह भावना पैदा होती है कि क्यों न वे भी उन चीजों का इस्तेमाल करें। साबुन, तेल, सूप, नूडल्स, वॉटर प्यूरिफायर से लेकर सेहत बनाने वाली दवाओं तक के प्रचार सिनेमा और खेल जगत की हस्तियां खूब करती हैं। यही नहीं, वे शायद ही कभी जांच अपने स्तर पर कराती हैं कि जिन बातों या फायदों का उल्लेख उन्होंने विज्ञापन में किया है, उनमें कोई सच्चाई है भी या नहीं। वे विज्ञापनदाता द्वारा सुझाई गई लाइनों और दावों को दोहरा देते हैं जिससे आम जनता में यह संदेश जाता है कि उनके चेहेते सितारे तक वे चीजें अपने प्रयोग में ला रहे हैं जो बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं और उन्हें खरीदने में कोई हर्ज नहीं हैं। खास तौर से बच्चों और महिलाओं को किसी खास वस्तु की तरफ आकर्षित करने के लिए ऐसे ही सितारों द्वारा कोई उत्पाद विज्ञापनों में लाया जाता है और देखते ही देखते उस उत्पाद की बिक्री बढ़ जाती है। यह विज्ञापन जगत की सोची-समझी प्रक्रिया है। पर इसमें पेच यही है कि क्या इस तरह भोली-भाली जनता को मूर्ख तो नहीं बनाया जाता है? सितारों को दौलत-शोहरत से आगे बढ़कर जनता के हितों के बारे में भी सोचना चाहिए। वे इस जिम्मेदारी से यह कर बरी नहीं हो सकते हैं कि उन्होंने किसी उत्पाद का सिर्फ प्रचार किया है, उसे उन्होंने खुद इस्तेमाल में नहीं लिया है। यह काम कानून के जरिए भी हो सकता है। भ्रामक विज्ञापनों के लिए सितारों को भी दोषी मानकर कठघरे में लाया जाना चाहिए और इसकी वाजिब सजा जरूर दी जानी चाहिए। ध्यान रहे कि किसी भी विज्ञापन का उद्देश्य किसी वस्तु या सेवा की जानकारी देना मात्र होना चाहिए, न कि उसके असर के बारे में बड़े-बड़े दावे करना। हालांकि कई बड़ी कंपनियां सितारों की मदद से झूठे दावे करके अपने उत्पाद बेचने में सफल हो जाती हैं, लेकिन देश के नागरिकों के साथ यह किसी धोखाधड़ी से कम नहीं है। इसलिए यह जरूरी है कि भ्रामक विज्ञापनों के नकारात्मक प्रभावों को लेकर न केवल सरकार गंभीर हो, बल्कि आम जनता भी सतर्क हो जाए वैश्वीकरण और बाजारीकरण के इस दौर में विज्ञापन का प्रभाव समाचार पत्र-पत्रिकाओं, रेडियो, टेलीविजन के साथ डिजिटल मीडिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में भ्रामक विज्ञापन भी धड़ल्ले से दिखाए जा रहे हैं। यही वजह है कि छरहरा और आकर्षक बनाने, यौन शक्ति बढ़ाने जैसे भ्रामक विज्ञापनों की बाढ़-सी आ गई है। इसके मद्देनजर यह पहली बार है जब किसी उत्पाद का विज्ञापन करने वाली मशहूर हस्तियों को भी इसके दायरे में रखा गया है, यानी उनकी जवाबदेही तय की गई है। भ्रामक विज्ञापनों के बारे में जहां निर्माताओं के लिए जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, वहीं विज्ञापन करने वाली हस्तियों के लिए सिर्फ जुर्माना रखा गया है। हालांकि अगर वे बार-बार भ्रामक विज्ञापन करते पाए जाते हैं, तो उन पर उत्पादों का समर्थन करने के एवज में प्रतिबंध लगाया जा सकता है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इससे धड़ल्ले से चल रहे भ्रामक विज्ञापनों पर लगाम लग सकेगी।

23 जुलाई पर विशेष

# उत्साह और उमंग का पर्व :-हरियाली तीज



भारतीय संस्कृति में सावन मास का बड़ा विशेष महत्व है।सावन मास आस्था, प्रेम उमंग और उत्साह से सरोबार होता है। सावन के आगमन से पूरी सृष्टि रंगीन हो जाती है, जैसे धरती ने सावन के आने की खुशी में हरा शालू ओढ़ लिया हो,जो इस महीने का यौवन बढ़ाती है।श्रावणी तीज जिसे हम हरियाली तीज के नाम से भी जानते हैं। हरियाली तीज का त्यौहार सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है।इस दिन सुहागिन स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु के लिये भगवान शंकर, माँ पार्वती की पूजा अर्चना करती है।महिलाओ का यह विशेष

त्यौहार मुख्यतः राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश में बड़ी आस्था,उमंग और उत्साह से मनाया जाता है।

भगवान शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीकतः पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हरियाली तीज का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।देवी पार्वती ने भगवान शिव के पति के रूप में पाने के लिए 108 वे जन्म में निर्जला व्रत कर कठिन तप किया।माता पार्वती की कठोर तपस्या से भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्हें देवी पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया।

***तीज व्रत पूजा विधि:** प्रातः दिनचर्या से निवृत होकर स्त्रियां स्नान कर, स्वच्छ वस्त्र धारण करती है। व्रत का संकल्प कर निर्जला व्रत रखती है।इसके पश्चात

मिट्टी में गंगा जल से भगवान शिव एवं माँ पार्वती, गणपति जी की मूर्तियां बनाती है। थाली में सुहाग की सामग्रिया जैसे चूड़ियां, महोर, खोल, सिंदूर, मेंहदी, सुहाग चूड़ा, कुम कुम,कंघी, बिछुआ,गहने को सजा कर को मां पार्वती को अर्पित करे व भगवान शिव को वस्त्र चढ़ाए।

सोलह सोलह श्रृंगार कर पूजा करती हैः सुहागन स्त्रियां इस दिन नए हरे वस्त्र, हरी चूड़ियां और आभूषण पहनती है। हाथ और पैरों में सुंदर मेहंदी लगाती है,इस प्रकार सोलह श्रृंगार करके तीज की पूजा करती है। सुहागन स्त्रियां एक समूह के रूप में इकट्ठे होकर उमंग और उत्साह से नाचती गाती है। सावन के लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियां बिखेरती बाग -बगीचों में पेड़ पर झूले झूलती है ।हरियाली तीज पर्व की खास बात यह है कि इस दिन कुंवारी लड़कियां भी योग्य वर की कामना को लेकरभगवां शिव और पार्वती की पूजा करती है।

संजारे का महत्वः सावन मास में नवविवाहिता अपने मायके आ जाती है। मायके में तीज पर उसके ससुराल से आने वाले सिंजारे को लेकर बड़ी उत्सुकता रहती है। ससुराल में ननद या देवर नवविवाहिता के लिए नए वस्त्र,आभूषण,मिठाई, कंगन, व श्रृंगार का सामान लेकर आते हैं। हर नवविवाहिता तीज की पूजा में ससुराल से सारे में आए वस्त्र पहनती है व श्रृंगार के सामान से सोलह श्रृंगार कर पूजा करती है।ऐसा माना जाता है कि ससुराल पक्ष द्वारा तीज के अवसर पर वस्त्र सम्मान देकर नवविवाहिता को सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया जाता है ।नवविवाहिता भी अपनी इस अनुपम सौगात को लेकर काफी उत्साहित रहती है।

आधुनिकता में खो गए मस्ती के झूलेः बदलते परिवेश में आधुनिकता ने त्यौहार, उत्सव का स्वरूप बदल दिया। गांव में अब पेड़ नही रहे ना झूले नजर आते हैं, आपसी प्यार स्नेह लुप्त हो गया। सभी इस आपाधापी में भागदौड़ की जिंदगी में अपने परिवार तक सीमित हो कर रह गए।त्यौहारों की परंपरा के फल स्वरुप आजकल रेडीमेड लोहे व स्टील के झूले, बांस के झूले पर झूल कर परंपरा निभाई जा रही है। ग्रामीण परिवेश में आज भी नाम मात्र की परंपरा देखने को मिल रही है। शहरों में महिला संस्थाओं द्वारा सामूहिक रूप से होटल या उद्यान में रेडीमेड झूलों पर झूल कर नाचते गाते त्यौहार की प्रासंगिकता बरकरार रख रही है।कुछ लोग होटल में पार्टी व संगीत का आयोजन कर त्यौहार का लुफ्त उठाते हैं।

*त्यौहार,उत्सव पर कोरोना का असर*- इस बार तो कोरोना महामारी के कारण गांवों व शहरों में उद्यान व होटलों के सावन के झूलों की बहार नहीं होगी।इस वैश्विक महामारी का पर्व,त्यौहारों पर काफी गहरा असर देखने को मिलेगा।

**डॉ. शम्भू पंवार**
**पत्रकार व लेखक**
**सुगन कुटीर,**
**चिड़ावा।**

---

हे ईश्वर इस जहां से कीजै , कोरोना को दूर
हाहाकार हर ओर मचा है , हुए हैं सब मजबूर
हे ईश्वर इस जहां से कीजै , कोरोना को दूर

बंद पड़ा हर ओर यहां है , हुआ है क्षय सरताज यहां
मन पर दहशत की चलती, भय का चलता राज यहां
कल तक तो सब अच्छा ये हुआ क्या जाने आज यहां
महामारी है चरम पर अपने , गिरी हुई है गाज यहां

जाने क्यों मंशा होनी की, हुई है इतनी क्रूर
हे ईश्वर इस जहां से कीजै , कोरोना को दूर

अपनी दया व करुणा का अनुदान दीजिए जग को
ज्ञान दीजिए और क्षमा का दान दीजिए जग को
सारी विपदा को हर कर राहें आसान दीजिए जग को
जीतने का इस संकट से वरदान दीजिए जग को

अर्जी यही हमारी दिल से कर लीजै मंजूर
हे ईश्वर इस जहां से कीजै , कोरोना को दूर



**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाली**
**मोबाईल नंबर- 6200597103**

# बबूल के पेड़ में आम नही लगते, मौजूदा नीति तो यही कहते

बिहार एक ऐतिहासिक राज्य जहाँ भगवान बुद्ध, दानवीर कर्ण, चाणक्य, सम्राट अशोक और गुरूगोविंद सिंह जैसे महापुरुषों ने सींचा सँवारा था।वही बिहार आज बदहाली के दल दल में नित धँसता जा रहा इसका जिम्मेदार कौन? आकांक्षा थी कि सभी पढे,सभी का सम्मान हो, सभी एक समान विचारवान हो, सभी को रोटी, कपडा और मकान हो, कोई किसी पर आश्रित न रहे, कोई जाति न हो, राष्ट के लिए सभी धरती आकाश जल अग्नि वायु की तरह, प्रकृति की तरह एक दूसरे के वक्त पर दुःख और सुख में काम आयें और यह राज्य एक समाज एक परिवार एक सूर्य के समान चमक विखेरता रहे।अफसोस तब हुआ जब राजनीति पर महत्वाकांक्षा सवार होकर विलासिता के गोद में खेलने लगी प्रकृति की चमक और अकाक्षाएँ दम तोड़ने लगी। कहीं बाढ़ तो कहीं कोरोना से तड़प रहा यह राज्य वेहद मुश्किल में है ।जहाँ लचर व्यवस्था के कारण सैकडो लोग नित मौत के आगोश में जाने को विवश हैं। नैतिकता पतन की ओर अग्रसारित है, कुपोषण गरीबी, बेरोजगारी, भाईचारा, जाति मजहब के आधार पर बँट गयी है।मानो आकाक्षाएँ मिट गई और सिर्फ अपनी महत्वाकांक्षा पाँव पसारने लगी । आज बाढ और कोरोना से तवाही का तांडव परेशान करने वाला है।सरकार के स्तर पर जो कार्य किए गए वह पूर्ण रूप से असंतोष पैदा करता है।जिसका जीता जागता उदाहरण मौत का बढ़ता आँकडा है। भीषण बाढ ने कितने गाँव निगल लिये हैं। सरकार आंकडा तक जारी नही कर पा रही है।इस विवशता की जिम्मेदारी तो लेनी होगी और इस तीसरी मार झेलने को विवश जनता को समझाना एक कठिन चुनौती। जन आकांक्षा और बढती राजनीतिक महत्वाकांक्षा के इस युद्ध में फिलहाल तो महत्वाकांक्षा भारी है । आकांक्षा पालने वालो जनता को भी अब समझना चाहिए कि खुद की ही भरोसा के वदौलत जीवन का निर्वहन होगा जब तक स्वार्थ है तभी तक सभी का साथ है वरना सब काली रात है । मौजूदा व्यवस्था समाज में बबूल के पेड़ के समान है जिससे सभी दल आम का फल खोज रहे जो शायद मिलना असंभव सा प्रतीत हो रहा है।



समानता की गरिमा का ख्याल किये वगैर लोगों को कभी बाढ तो सुखाड और महामारी में वेरोजगार बनाकर रख दिया है जहाँ उन्हे घोर आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है।,केवल कुछ घरों में अनाज बांटकर निश्चिंत होना किसी भी स्तर पर जायज नही ठहराया जा सकता। जबकि संविधान कहता है समाज में सभी के जान माल और दुःख के दिनों मे भेद भाव किये वगैर सरकार पूर्ण मदद करे। समाज में समानता और समरसता तभी स्थापित होगी जब सभी को जाति मजहब से परे हटकर सरकारी योजनाओ का लाभ मिलेगा पर इसे तो स्वार्थ की बेदी पर चढाकर महत्वाकाक्षा रूपी चादर से ढक दिया गया है जो अत्यंत ही दुखद है। समाज में बढते भेद भाव को बढ़ावा देने की नीति से गरीबी नही समस्याएँ और जटिलताएँ बढती है जो अब हमें अस्पतालो शिक्षा और बाढ के रूप में उपहार स्वरूप मिल रहा है। राजनीतिक दल भी इस गंभीरता को समझते हुए चुप्पी साधने को विवश हैं,क्योंकि विरोध का सामना तो सभी को करना पड़ रहा है। इक्कीसवीं सदी में भी बिहारी समाज दो वक्त की रोटी के लिए समाज में अपना रोजगार तालाश रहा है। ।आने वाले दिनों में यह प्रमुखता से छाया रहेगा अब समय आ गया है कि ऐसे संवेदनशील मसले का समीक्षात्मक अध्ययन कर पर्याप्त उपाय किए जायँ।

**÷आशुतोष÷**
**पटना बिहार**

## मानवता अभी जिंदा है

रमेश बाबू समय के बहुत पाबंद थे।उन्हें हर काम समय से करना पसंद था।लापरवाही उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं थी।उन्होंने फैक्ट्री की कमान जबसे अपने हाथों में सम्हाली थी तबसे उनका कारोबार एवं साख बढ़ती ही जा रही थी।

आज सुबह से रमेश बाबू फैक्ट्री के चार चक्कर लगा चुके थे।फैक्ट्री की प्रत्येक गतिविधि पर उनकी नजर थी।उनकी नजरें घूमती हुई दुबली-पतली साँवली सी गुलबिया पर जा टिकीं।वे देख रहे थे कि गुलबिया बोझ उठाने का बार-बार प्रयास कर रही थी,किन्तु वह सफल नहीं हो पा रही थी।एक दो बार तो वह बोझ के साथ गिर भी पड़ी थी।



रमेश बाबू ने उसे वहीं से कुछ पास जाकर गौर से देखा।वह प्रेगनेंट थी।उन्होंने मुनीम जी से गुलबिया को ऑफिस में ले आने को कहा।कुछ देर बाद गुलबिया सहमी-सिमटी,हारी-थकी,पसीने से लथपथ रमेश बाबू के सामने खड़ी थी।

रमेश बाबू ने उससे कहा, ÷ देखो गुलबिया !तुम्हारी तबियत ठीक नहीं है।तुम अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही हो।÷ इतना कह कर रमेश बाबू ने गुलबिया की ओर देखा,तो उन्होंने महसूस किया कि उसकी आँखें अज्ञात आशंका और भय से विस्मित हो रहीं थीं।वह काँप रही थी।उसकी आँखों में लाचारी और बेबसी स्पष्ट झलक रही थी।

रमेश बाबू ने आगे कहा, ÷जब तक तुम्हारी तबियत ठीक नहीं हो जाती तब तक तुम काम पर मत आना।घर पर ही आराम करो।÷

लेकिन...रमेश...बाबू...हमारे बच्चों का क्या होगा...? घर गृहस्थी का खर्चा कैसे चलेगा....?? मजदूरी नहीं करूँगी तो बच्चे कैसे पालूँगी....क्या खिलाउँगी उन्हें...।÷ कहते-कहते उसकी आँखें भर आई।

÷ मुझे एक मौका और दीजिये,मैं ठीक से अपना काम करूँगी।÷ कह कर वह वहीं फर्श पर बैठ गई।

रमेश बाबू ने उसे उठाया, ÷फैक्ट्री का प्रत्येक मजदूर हमारे लिये महत्वपूर्ण है।उसी की मेहनत,ईमानदारी और पसीने से यह फैक्ट्री चलती है।÷ गुलबिया बहुत ध्यान से रमेश बाबू की बातें सुन रही थी।उनकी सांत्वना भरे शब्दों में उसे आशा की एक किरण झलकती हुई दिख रही थी।

रमेश बाबू ने एक लिफाफा उसकी ओर बढ़ाते हुये कहा, ÷गुलबिया यह लो अपने तीन माह की मजदूरी एडवांस्ड।और हाँ तीन महीने बाद तुम अपने काम पर जरूर आ जाना।आओगी न...।÷ कह कर उन्होंने गुलबिया की ओर देखा।वह अपने खुशी के आँसू पोंछते हुये बोली, ÷जी...रमेश..बाबू.. जरूर आऊँगी।÷

उस बिना पढ़ी-लिखी औरत के चेहरे के हाव-भाव यदि कोई पढ़ सकता तो वह समझता, मानो वह यह प्रकट कर रहे थे कि, ÷ मानवता अभी मरी नहीं है जिन्दा है।÷

**??श्याम सुन्दर श्रीवास्तव %कोमल%**
**व्याख्याता-हिन्दी**
**अशोक उ0मा0 विद्यालय**
**लहार,भिण्ड,म0प्र0**

# ग्रामीणी मजदूर बेटे प्रकाश ने राज्य में परचम लहरा कर दिखाया शिक्षा का इम्युनिटी पावर

एक बात हमेशा गहराई से रही है की यदि हम अब अभावो से गुजरे हैं तो निखारता स्वत ही हमारे पास दौड़ती आएगी और वो निखारता अपने आप सफलता के शिखर की चरम सीमा को लाद देगी। ङ्गराजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड , अजमेर द्वारा मंगलवार को घोषित किये गए बाहरवीं आर्ट्स ( कला ) परीक्षा परिणाम में बाड़मेर के एक मजदूर के बेटे ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे राज्य में अपना परचम फहराते हुए टॉप किया है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहरवा , बाड़मेर के छात्र प्रकाश ने राजस्थान में टॉप कर जिले का नाम रोशन किया । और साबित कर दिखाया है ग्रामीण सरकारी स्कूलों में शिक्षा की तवजा है।

जिले के धोरीमन्ना तहसील के लोहरवा गाँव के निवासी कमठा मजदूर चनणाराम के पुत्र प्रकाश ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी और अभावो व सुविधाओं झूझने वाले छात्र अगर अपने लक्ष्य को पूरा करने की ठान ले तो दुनिया की कोई ताकत उसे रोक नही सकती और वो किसी चीज का मोहताज नहीं होता। प्रकाश ने बाहरवीं में 500 में से 496 अंक हासिल कर 99.20 प्रतिशत के साथ स्टेट टॉप किया है। प्रकाश को हिंदी और इतिहास में 100 में 100 अंक मिले है जबकि अंग्रेजी में 99 , राजनीति विज्ञान में 98 और हिंदी साहित्य में 99 अंक प्राप्त किए है।प्रकाश के पिता चनणाराम मजदूरी और खेती करते है। माँ गृहणी है ।



इस ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा प्रकाश का सपना है कि मैं आईएएस बनूं और आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करू। इतना ही नहीं प्रकाश ने दसवी परीक्षा में भी 96 प्रतिशत अंक हासिल कर बाड़मेर का नाम रोशन किया था । प्रकाश अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों और मेहनत को दिया है। प्रकाश का धमाकेदार कीर्तिमान इस चीज को साबित करता है कि यदि विद्यार्थी सरकारी विद्यालय में रहकर नियमित अध्यापकों की अनुसरण करते हुए लगन से पढ़ें तो निजी विद्यालय उस परिणाम में कोई मायने नहीं है ,न हीं उसकी निजी स्कूले टक्कर दे सकती है।प्रकाश ने सरकारी अध्यापकों के मार्गदर्शन अनुरूप अध्ययन किया जिसकी वजह से उसने आज राज्य में टॉप किया। सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र प्रकाश ने अन्य सभी विद्यार्थियों के लिए मिसाल कायम की है कि जो लोग सरकारी स्कूलों छात्रों को तुच्छ समझते है , उनके लिए प्रकाश एक मिसाल है।प्रकाश ने साबित कर दिखाया कि बिना महंगे और प्राइवेट स्कूलों में पढ़े , बिना ट्यूशन , बिना सुविधाओं के भी अगर कोई ठान ले , अपने इरादे मजबूत रखे तो वो किसी को भी मात दे सकते है । बस उनके पास एक निष्ठा और लगन होनी चाहिए। ग्रामीण इलाके के मजदूर वर्ग के बेटे का परचम अब अवसादो को घातक साबित हो सकता है। क्योंकि आजकल नेपोटिज्म प्रतिभा को ले बैठती है। साथ ही प्रकाश का परिणाम यह चीज बताता है कि ग्रामीणों को अपने बच्चों को शहर में न भेज कर गांव की सरकारी विद्यालय में पढ़ाना चाहिए। सरकारी विद्यालयों में परिणाम की श्रेष्ठता है, गुणवत्ता का आंकलन देते है? । साथ ही ग्रामीणों को ग्राम के राजकीय विद्यालय खर्चों से तथा अन्य गतिविधियों से बचाता है। साथ ही ग्रामीण स्कूल में पढ़ने से गांव की निखारता बढ़ती है तथा सरकारी विद्यालयों के गुरुजनों का मनोबल भी बढ़ता है। साथ ही सरकारी विद्यालयों में किसी भी प्रकार का किसी भी तरह से विद्यार्थी के साथ भाई भतीजावाद नहीं होता है। भाई भतीजावाद ने होने से प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलता है। इससे ग्रामीण के सरकारी विद्यालयों में परिणाम की रोचकता बढ़ती है तथा विद्यार्थी सफलता के शिखर तक पहुंचते हैं। (यह लेखक के निजी विचार है।)

**अनिल खिलेरी (सरनाऊ, जालौर।)**

## बच्चें क्या सीख रहें हैं'

माता-पिता हमेशा चाहते हैं कि उनकी संतान अच्छें आचरण और अच्छें व्यवहार वाली हो,पर अक्सर ऐसा होता नहीं।

कारण है कि माता-पिता अपनी संतान से अच्छें व्यवहार की अपेक्षा तो करते हैं पर स्वंय कभी-कभी अच्छे-बुरे और सही-गलत की परवाह किए बिना कुछ ऐसा रवैया अपनाते हैं जिससे उनके बच्चों पर भी प्रभाव पड़ता है।



जैसे यदि एक घर में परिवारिक वाद-विवाद या कुछ अनबन चल रही होती है तो घर के बड़े बच्चों के सामने ही एक-दूसरे को नीचा दिखाने से बाज नहीं आते और कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग भी उनके द्वारा गुस्से में किया जाता है जो मूलतः नहीं किया जाना चाहिए। बच्चों के सामने तो बिल्कुल नहीं। ऐसी बातों से बच्चें भी लड़ना-झगड़ना व एक-दूसरे को नीचा दिखाना सीखते है।जो सही नहीं। आपको एक बात बताना चाहूंगी,जब मैं छोटी थी तो हमारे घर में जब भी कोई मेहमान आते थे तो मेरे पापा हम बच्चों को दूसरे कमरे में खेलने के लिए कह देते थे। उनका मानना था कि बड़ों की बातों में बच्चों को शामिल नहीं होना चाहिए, इससे बच्चों की सोच और व्यवहार पर असर पड़ता है। पहले ये बात समझ में नहीं आती थी पर जैसे-जैसे बड़ी हुई यह बात समझ में आ गई कि वो नहीं चाहते थे कि बच्चें दुनिया की बुराई-भलाई में पड़ें। यह बात सही भी है और हर माता-पिता को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उनके बच्चें उनसे क्या सीख रहें हैं, क्योंकि आज की सीख ही आपके बच्चें के भविष्य के बर्ताव का आधार बनेंगी।

**अंकिता जैन अवनी**
**लेखिका/ कवयित्री**
**अशोकनगर मप्र**



# रश्मि देसाई की यह चाहत रह गयी अधूरी

**मुंबई ।** बिग बास में सिद्धार्थ संग झगड़े के बाद सुर्खियों में आई बेहद सफल एक्ट्रेस रश्मि देसाई की एक चाहत अधूरी रह गयी हैज.. इस बात का खुलासा खुद रश्मि देसाई ने किया है। एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया कि वह बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद एक मर्सिडीज खरीदना चाहती थीं, लेकिन वर्तमान परिस्थिती को देखते हुए उन्हें अपना यह प्लान कैंसल करना पड़ा। कोरोनावायरस और लॉकडाउन का असर लोगों की जेब पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। पूरा देश इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहा है। जनता के साथ-साथ सेलेब्स भी इस आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। सेलेब्स इस वक्त अपने खर्चों और लाइफस्टाइल में काफी कटौती कर रहे हैं। बता दें, लॉकडाउन के कारण सीरियलों और फिल्मों की शूटिंग बंद हो गई थी, ऐसे में सेलेब्स कुछ महीने घर पर खाली बैठे रहे, जिसका सीधा असर उनकी जेब पर पड़ा। अब हाल ही में एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया कि वह बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद एक मर्सिडीज कार खरीदना चाहती थीं, लेकिन वर्तमान परिस्थिती को देखते हुए उन्हें अपना यह प्लान कैंसल करना पड़ा। रश्मि देसाई ने इ टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि हम सभी लॉकडाउन के दौरान एक वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। मुझे लगता है कि इस महामारी के दौरान अगर आप अच्छे से प्लानिंग नहीं कर रहे हैं तो यह वित्तीय संकट निश्चित रूप से आपको प्रभावित करेगा। मुझे लगता है कि अब इस लॉकडाउन के दौरान अगर आप अपनी जरूरतों को समझ गए हैं, तो अपनी जरूरतों में कटौती करें, आपके खर्च अपने आप कम हो जाएंगे। सब कुछ ठीक हो जाएगा। मुझे इस महामारी के दौरान अच्छी तरह से प्लानिंग करने का एहसास हुआ है। बिग बॉस 13 के घर से बाहर आने के बाद मैं एक मर्सिडीज खरीदना चाहती थी, लेकिन मैंने अपना प्लान बदल दिया है। मैं आखिरकार समझ गई कि लोग मुझे मेरे काम के कारण जानते हैं, न कि इस वजह से कि मेरे पास क्या क्या है।

# अनगिनत प्रशंसकों वाले सुपरस्टार महेश बाबू

**मुंबई।** यह एक सर्वविदित तथ्य है कि सुपरस्टार महेश बाबू के प्रशंसकों की संख्या अनगिनत है। जिसके कारण, महेश बाबू कई प्रतिष्ठित ब्रांड का भी चेहरा हैं। अपने इसी विशाल फैनबेस के कारण, सुपरस्टार दक्षिणी उद्योग के सबसे अधिक फीस पाने वाले अभिनेताओं में से एक है। कई ब्रांड का चेहरा होने के साथ-साथ इस तथ्य के कारण कि उनकी पिछली तीन फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ हिट रही थी, अभिनेता निश्चित रूप से दक्षिणी फिल्म सर्किट में सबसे अधिक फीस पाने वाले अभिनेता में से एक है। अभिनेता को वर्षों से मिल रही प्रशंसा और सरहाना विशाल है। फिल्म %महर्षि% में उनके प्रदर्शन ने दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखा था और यही वजह है कि फिल्म सिनेमाघरों में हिट साबित हुई थी। उनके



अनुकरणीय प्रदर्शन का एक अन्य शानदार उदाहरण फ़िल्म %भारत एएन नेनु% होगा जहां उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के साथ एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। महेश बाबू ने बैक टू बैक ब्लॉकबस्टर के साथ अपनी स्थिरता और बहुमुखी प्रतिभा साबित की है। उनका अभिनय हमेशा दर्शकों पर गहरा प्रभाव पैदा करने में सफल रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि महेश बाबू पर्दे पर अपनी हर उपस्थिति के साथ अपेक्षाओं का स्तर बढ़ा देते है। वही, दूसरी ओर सुपरस्टार दक्षिण भारत में एंडोर्समेंट के किंग है जहां कोई अन्य उनके इर्दगिर्द भी नहीं है। इस श्रेय के साथ, उनकी लोकप्रियता अछूती है और अपनी तीन ब्लॉकबस्टर हिट के साथ वह एक सबसे अधिक फीस पाने वाले अभिनेता हैं। निस्संदेह, महेश बाबू सबसे बड़े और सबसे सफल तेलुगु फिल्मस्टार होने के साथ-साथ उत्तर भारत में भी बेहद लोकप्रिय हैं जिसने उन्हें एक पैन-इंडिया सुपरस्टार बना दिया है। अभिनेता वर्तमान में अपनी नवीनतम रिलीज %सरिलरु नीकेवरु% के लिए खूब वाहवाही बटोर रहे है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए दमदार कमाई की है। यह फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली महेश बाबू की लगातार तीसरी फिल्म बन गयी है जिसमें अभिनेता एक सेना अधिकारी के अनदेखे अवतार में नज़र आये थे।

# जब सपना के स्टेज पर बवाल काटने लगे ताऊ


**बरसाने लगे पैसे, ऐसे छुड़ाया पीछा**



**मुंबई ।** हरियाणवी छोरी एवं हर जवां दिलों की धडकन सपना चौधरी एक स्टेज पर परफॉर्म कर रही थी तभी एक ताऊ ने आकर स्टेल पर बवाल काटना शुरु कर दिया। सपना चौधरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर धूम मचा रहा है। इसमें वह सलवार सूट पहनकर स?टेज पर अपने ही अंदाज में डांस करती दिख रही हैं। लेकिन गाने के बीच में एक ताऊ आकर उनके ऊपर पैसे बरसाने लगते हैं। सपना आमतौर पर सलवार-सूट पहनकर ही डांस करती हैं। इस गाने में वो लाल रंग के सूट में वो डांस कर रही थीं। तभी एक ताऊ स्टेज पर चढ़ आते हैं। पहले तो सपना कुछ देर तक उनके पैसे लुटाने पर डांस करती रहती हैं। लेकिन बाद में सपना ने भागने की कोशिश की। लेकिन ताऊ ने उन्हें दौड़ा लिया। लेकिन जब सपना स्टेज के एक तरफ चली गई तो वो वापस लौट गया। गाना का अगला हिस्सा आता कि एक अन्य आदमी स्टेज पर आदमी आया और पैसे बरसाने लगे। इस गाने में गुलशन ग्रोवर के अंदाज में कुछ आवाजें निकाली जाती हैं। जिसमें दिलवाले फिल्म के बेहद मशहूर डायलॉग सपना के साथ गाना गाने वाली बात को दोहराते हैं। आपको बता दें कि बिग बॉस 11 में आने के बाद से सपना चौधरी बुलंदियों पर छा गई।सपना चौधरी ने अपने करियर की शुरुआत हरियाणा के एक ऑर्केस्ट्रा टीम के साथ की थी। उन्होंने करियर की शुरुआत रागनी कलाकारों के साथ टीम का हिस्सा बनकर की थी। सपना चौधरी शुरुआत में हरियाणा और आस पास के राज्यों में रागनी प्रोग्रामो में रागनी पार्टियों के साथ हिस्सा लेती थी। मालूम हो कि सपना चौधरी बॉलीवुड में %दोस्ती के साइड इफेक्ट्स% फिल्म से डेब्यू कर चुकी है।

## अभिनेता रणवीर सिंह ने जारी किया जीवा का पोस्टर

अभिनेता रणवीर सिंह ने



अपनी आगामी फिल्म %83% के नए किरदार अभिनेता जीवा का पोस्टर जारी किया हैं, जो फिल्म में क्रिकेट खिलाड़ी के.श्रीसंत का किरदार पर्दे निभा रहे हैं। इसके पहले अभिनेता ने ताहिर राज भसीन का पोस्टर साझा किया था, जो फिल्म में सुनील गावस्कर की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं कपिल देव के लुक में रणवीर का पहला पोस्टर लोगों को बहुत भाया था, जिसमें वह कपिल के लोकप्रिय शॉट नटराज का पोज देते दिख रहे हैं। वहीं फिल्म में शाकिब सलीम मोहिंदर अमरनाथ और चिराग पटेल संदीप पाटील की भूमिका में नजर आएंगे।

# कंगना रनौत बोलीं, आलिया भट्ट को लीड अवॉर्ड लेने में शर्म भी नहीं आई



**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद कंगना रनौत ने कई नामचीन हस्तियों को सुशांत की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। यही नही इसके बाद से वह लगातार बॉलीवुड माफिया और इंडस्ट्री से जुड़े बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कंगना रनौत ने सुशांत के प्रति बॉलीवुड की बड़ी हस्तियां और बाहरी लोगों के रवैये के बारे में सच्चाई उजागर किया है। कंगना रनौत ने कहा, %उन्हें यह देखकर डर लग गया होगा कि उन्होंने मुझे आईआईएफए, लंदन में कैसे अपमानित किया था। जबकि बॉलीवुड का नेपोटिज्म रैकेट अब जनता के सामने आ चुका है, फिर भी इस बात पर कोई रोक नहीं है कि उनके अवॉर्ड समारोह एक दूसरे की पीठ थपथपाने के लिए कितना बड़ा घोटाला करते हैं। कंगना ने बिना किसी आधार के नामांकन और चयन के अनुचित व्यवहार के बारे में चर्चा की है। उन्होंने स्वीकारा कि दीपिका कम से कम अवॉर्ड पाने की भावना नहीं रखतीं, जब उन्हें %हैप्पी न्यू ईयर% के लिए अवॉर्ड मिला तो उन्होंने स्वीकारा था कि %क्वीन% का प्रदर्शन बेहतर था, लेकिन आलिया को %गली बॉय% में 10 मिनट के रोल के लिए मेन लीड अवॉर्ड स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं थी।

# हे भगवान! ये सच नहीं है: करिश्मा कपूर

**-बेटी के बॉलीवुड में एंट्री के सवाल पर बोली एक्ट्रेस**

**मुंबई ।** बालीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर की बेटी समायरा के बालीवुड इंडस्ट्री में कदम रखने की खबरें आती रहती हैं। अब करिश्मा ने खुद इस पर जवाब दिया है। जब पूछा गया कि ऐसी खबरें हैं कि आपकी बेटी जल्द ही बॉलीवुड में एंट्री करने वाली है। इस पर करिश्मा बोलीं- हे भगवान! ये सच नहीं है। मेरी बेटी और उसके फ्रेंड ग्रुप को फिल्मों से जुड़ी हर चीज में रुचि है, अब वो पर्दे के पीछे है या कैमरे के सामने मैं अभी भी नहीं जानती हूं। वे अभी एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं और सीख रहे हैं। इसलिए अभी ऐसी कोई योजना नहीं है। इन सबसे ऊपर, समायरा बहुत छोटी है और अभी भी स्कूल में है। ये सब जो भी है वो एक्सट्रा करिकुलम एक्टिविटी है। क्या आप समायरा को अपनी तरह एक्ट्रेस बनते देखना चाहती हैं? इस सवाल के जवाब पर करिश्मा बोलीं- ईमानदारी से कहूं तो ये उसके ऊपर ही है। मैं कभी भी उसे फोर्स नहीं करूंगी। लेकिन मैं अपने बच्चों के हर फैसले के पीछे खड़ी हूं। मेरा मानना है कि खुद पर विश्वास रखो और चीज आपको खुशी दे वो करो। बता दें कि करिश्मा कपूर ने कुछ समय पहले ही डिजिटल डेब्यू किया है। वो एकता कपूर के ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज में दिखीं। वेब सीरीज का नाम है मेंटलहुड। मेंटलहुड को काफी पसंद किया गया। करिश्मा की भी काफी तारीफ हुई। बता दें ?कि साल 2019 में अनन्या पांडे, प्रनूतन बहल, वर्धन पुरी जैसे स्टार किड्स ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। हर साल कुछ नए स्टार किड्स इंडस्ट्री में कदम रखते हैं।



# जिले की सीमा पर संक्रमित व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सके- कलेक्टर

## अंतर्राज्यीय एवं जिले की सीमाओं पर सर्चिंग के लिये दल किये तैनात

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार कोरोना वायरस संक्रमण के लिये रोकथाम एवं बचाव हेतु आवश्यक निर्देश प्राप्त हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास ने अंतर्राज्यीय सीमा पर एवं पड़ौसी जिले की सीमा पर संक्रमण की स्थिति का निरंतर अनुसरण करने एवं अंतर्राज्यीय सीमा पर लोगों की आवाजाही को नियंत्रण करने के लिये टीम गठित की गईं है। ये टीम अल्लाबेली, रायरू, बुधारा, कैमराकला एवं मुरैना जिले के रेल्वे स्टेशन पर 24 घंटे 6-6 घंटे की डयूटी पर तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में संक्रमित व्यक्ति पहुंच न सके, इसके लिये सीमा पर ये टीम 24 घंटे अपना कार्य करेगी। जिले में प्रवेश करने वाले व्यक्ति को सर्वप्रथम थर्मल स्क्रीन पल्स ऑक्सीमीटर से ऑक्सीजन की जांच करेगी। अगर ये दोनों चीज सही पाई जाती हैं तो उन्हें जिले में प्रवेश मिलेगा। अगर इनमें से किसी भी व्यक्तियों को संक्रमण के लक्षण पाये जाते हैं तो ऐसे व्यक्तियों को बोर्डर पर बिठाकर संबंधित बीएमओ को सूचना दी जायेगी और उसके सैम्पल की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे व्यक्ति सीमा में प्रवेश करेंगे जो मुरैना में न आते हुये अन्य जिलों मे जायेंगे। उनके आधार कार्ड देखने के बाद निकलने दिया जाये। कलेक्टर ने कहा कि मुरैना जिले में जाने वाले व्यक्तियों की थर्मल स्क्रीनिंग करने के बाद सबकुछ नॉर्मल पाया जाता है, तब भी उसका नाम, मोबाइल नंबर, पता रजिस्टर में अंकित किया जाये। जिस व्यक्ति के पास पहुंचने वाले हैं उस व्यक्ति का मोबाइल नंबर तथा एड्रेस लिखना सुनिश्चित किया जाये। ये निर्देश उन्होंने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में चल रही बैठक में लगाये गये बॉर्डर टीम के अधिकारी, कर्मचारियों को दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एसके मिश्रा, जिला शिक्षाधिकारी श्री सुभाष शर्मा, सीएमएचओ श्री डॉ. आरसी बांदिल, सिविल सर्जन श्री डॉ एके गुप्ता, डीपीसी श्री इन्दोरिया एवं जिले के बॉर्डरों पर लगाई गई टीम के शिक्षक उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि अल्लाबेली चेकपॉइंट पर प्रात: 10 से 4 बजे तक शिक्षक श्री मोहन लाल प्रजापति, श्री राधेश्याम परिहार, अपरान्ह 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक शिक्षक श्री मोहन सिंह बड़ेरिया व श्री राजेन्द्र रामपुरे, रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक शिक्षक श्रीपत सिंह, श्री हेमंत शुक्ला, प्रात: 4 बजे से 8 बजे तक शिक्षक श्री कृपाशंकर नगाइच व श्री सुनील सोनी तैनात रहेंगे। रिजर्व दल के रूप में श्री राम लखन दौनेरिया व श्री मोहरमन सिंह तैनात रहेंगे। रायरू सीमा चैकपॉइंट पर प्रात: 10 से 4 बजे तक शिक्षक श्री सरदार सिंह कुशवाह व श्री द्वरिका प्रसाद कुशवाह, अपरान्ह 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक शिक्षक श्री राजेन्द्र कुमार झा व श्री रूपलाल नौनेति, रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक शिक्षक श्री ऋषिकेश कुशवाह व श्री पंचम सिंह कुशवाह, प्रात: 4 बजे से 8 बजे तक शिक्षक श्री केदार सिंह कुशवाह व रामनिवास यादव तैनात रहेंगे। रिजर्व दल के रूप में श्री वीरपाल सोनी व गिर्राज शिवहरे तैनात रहेंगे। बुधारा चैकपॉइंट पर प्रात: 10 से 4 बजे तक श्री अशोक सिंह तोमर व भरतलाल, अपरान्ह 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री देवेन्द्र सिंह कुशवाह व ज्ञानेन्द्र सिंह तोमर, रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक श्री ओमप्रकाश सिंह व रघुवीर सिंह, प्रात: 4 बजे से 8 बजे तक श्री रियाजुद्धीन कुरैशी व दीवान पाठक तैनात रहेंगे। रिजर्व दल में श्री हरशरण सिंह व हरवेन्द्र सिंह को तैनात किया गया है। कैमाराकला चैकपॉइंट पर प्रात: 10 से 4 बजे तक श्री श्रीपत रावत, श्री रविकुमार शर्मा, अपरान्ह 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री देवेन्द्र जाटव व श्री कमल रावत, रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक श्री वकील मियां व श्री रामसिंह रावत, प्रात: 4 बजे से 8 बजे तक श्री जतन सिंह मीणा व श्री मनोहर सिंह रावत तैनात रहेंगे। रिजर्व दल में श्री विजय सिंह रावत व सुरेश रावत को तैनात किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास ने शिक्षकों को निर्देश दिये हैं कि अन्य प्रांत या जिले के बॉर्डर से आने वाले व्यक्तियों का आइडेंटीफिकेशन करेंगे तथा उसका परीक्षण करेंगे। परीक्षण उपरांत उनकी समस्त जानकारी से संतुष्ट होने के उपरांत ही जिले में प्रवेश करायेंगे। किसी प्रकार का संदेह होने पर जिले की सीमा में प्रवेश न होने दिया जाये। डयूटी पर लगाये गये सभी शिक्षक जांच के दौरान अपनी सुरक्षा हेतु अपने हाथों पर ग्लव्स एवं मुंह पर मास्क अनिवार्य होगा।



## इंसीडेंट कमाण्डर प्रतिदिन अपने क्षेत्र में तीन-तीन बार भ्रमण करें- कलेक्टर



**मुरैना।** कोरोना के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिये इंसीडेंट कमाण्डर प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र में सुबह दोपहर शाम भ्रमण करें और पॉजिटिव व्यक्ति आने वाले के संपर्क में कम से कम 15 लोगों के कॉन्टेक्ट ट्रेस करके उनके सैम्पल कराना सुनिश्चित करें। इसके लिये भले ही इंसीडण्ट कमाण्डर पुलिस बल का प्रयोग कर सकते है। उन्होंने कहा कि इंसीडेन्ट कमाण्डर सुबह 8 बजे, अपरान्ह 2 बजे और सायं 7 बजे अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संपर्क करें और उनके सैम्पल कराना सुनिश्चित करें। जब तक पॉजिटिव व्यक्ति के संपर्क में आने वाले लोगों के सैम्पल पूरी तरह से नहीं करा लेते तब तक यह कोरोना संक्रमण जिले में बना रहेगा। इंसीडेंट कमाण्डर नियमित भ्रमण करें और भ्रमण के उपरांत गूगल शीट पर दिये हुये फार्मेट में जानकारी अपडेट करते रहें, जिससे प्रतिदिन मुझे जानकारी मिलती रहेगी। जहां गैप दिखेगा वहां अतिरिक्त टीम लगाकर सैम्पलिंग कराई जायेगी। ये निर्देश उन्होंने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में इंसीडेण्ट कमाण्डर को दिये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे, एसडीएम मुरैना श्री आर. एस बाकना सहित नगर निगम मुरैना के लिये बनाये गये सभी इंसीडेंट कमाण्डर उपस्थित थे।

पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत

## अतिरिक्त 5 किलो प्रति सदस्य के मान से माह जून के मिलेंगे निःशुल्क चावल

**मुरैना।** संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के आदेशानुसार कोविड-19 के लॉकडाउन के कारण भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में सम्मलित पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत अतिरिक्त 5 किलो प्रति सदस्य के मान से नि:शुल्क चावल का माह अप्रैल, मई, एवं जून 2020 में वितरण हेतु आवंटन जारी किया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत माह जून, 2020 हेतु आवंटित चावल में से जिन पात्र परिवारों द्वारा चावल प्राप्त नहीं किया गया है, ऐसे परिवारों को 31 जुलाई 2020 तक पीओएस मशीन से चावल वितरण की अनुमति शासन द्वारा प्रदाय की गई हैं। मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के परिवहनकर्ता के माध्यम से जून, 2020 के शेष चावल एवं जुलाई, 2020 माह हेतु आवंटित चावल का प्रदाय दुकानों पर शीघ्रता से कराया जाए। उचित मूल्य दुकानों पर माह जून, 2020 के आवंटन अनुसार प्रदाय की प्रतीक्षा किये बगैर दुकानों पर माह अप्रैल एवं मई, 2020 के वितरण पश्चात् चावल के शेष स्टाक से माह जून, 2020 की शेष पात्रता का वितरण पात्र परिवारों को प्राथमिकता के आधार किया जायें।

## उद्यम पंजीयन के लिए नवीन दिशा निर्देश

**मुरैना।** मध्य प्रदेश शासन सूक्ष्म लघु मध्यम एवं उद्यम विभाग द्वारा इकाईयों के लिए नवीन निवेश सीमा एवं नवीन पंजीयन प्रक्रिया के नवीन दिशा निर्देश जारी किए गए है। एम.एस.एम.ई इकाईयों के लिए उद्यम की पंजीयन प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाईन होगी जो स्वप्रमाणीकरण पर आधारित होगी। इसमें इकाई को किसी भी प्रकार के पेपर अपलोड किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पंजीयन उपरान्त एमएसएमई इकाईयों को एक स्थाई पंजीयन प्राप्त होगा। उक्त पंजीयन के लिए प्रोर्टल रहेगा। उद्यमों के निवेश एवं उनके टर्नओवर संबंधी जानकारी संबंधित उद्यमों के के माध्यम से शासकीय डेटाबेस से ली जाएगी।

## 12 लाख का चोरी का माल जप्त कर 5 आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना/जौरा।** क्षेत्र में घटित चोरी वारदातों का खुलासा करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और एसडीओपी सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में टीम बनाकर चोरीयों का पर्दाफाश करने की कार्यवाही की गई। जिसमें तीनों थानों की अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों को पकडऩे के निर्देश दिए गए। इसी निर्देशन में थाना प्रभारी बागचीनी, थाना प्रभारी चिंनोनी और थाना प्रभारी देवगढ़, जौरा, सिविल लाइन और झुंडपुरा की अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों की धरपकड़ के लिए संयुक्त कार्यवाही करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश दी, तो करीब 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इस सयुंक्त कार्यवाही में 6 लाख 36 हज़ार नगदी और 5 लाख 45 हज़ार के जेवरात जिसमे दोनों की कुल कीमत करीब 11 लाख 81 हज़ार रुपए बताई गई है। पकड़े गए आरोपियों में बद्री पुत्र फौजदार सिंह गुर्जर निवासी ग्राम खुलावली थाना देवगढ़, मुकेश गुर्जर पुत्र प्रवीण गुर्जर उम्र 24 साल निवासी बरेला पुरा धौलपुर, सोनू पुत्र प्रवीण गुर्जर उम्र 20 साल निवासी बरेला पुरा धौलपुर, लालू उर्फ अरविंद सिकरवार पुत्र चरण सिंह सिकरवार निवासी वैदपुरा गले था। नरेश गुर्जर पुत्र केशव गुर्जर निवासी ग्राम खुलावली को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी बद्री पुत्र फौजदार सिंह गुर्जर से एक अवैध कट्टा एक मोटरसाइकिल जप्त की गई है। वहीं फरार आरोपी बंटी गुर्जर, रिंकू गुर्जर, भोटा गुर्जर, हरेंद्र गुर्जर, देवेंद्र गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर, सुजान गुर्जर नि मुरहन का पुरा और सुरेंद्र गुर्जर नि खुलावली के फरार बताए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि धौलपुर क्षेत्र से चंबल के कम पानी से निकलने वाले रास्ते का प्रयोग करके देवगढ़ के आस पास के क्षेत्र के रिश्तेदारों के गांव में आउटर में स्थित घरों को टारगेट बनाते थे और अंधेरी रात में गांव के किसी छुपने वाले स्थान पर शाम को आकर रात होते ही घटना को अंजाम देते थे।

## मुरैना में कोरोना के रिकवरी रेट बहुत अच्छी

**मुरैना।** मुरैना जिले में कोरोना की मरीजों की संख्या में वृद्धि जरूर हो रही थी, किन्तु मुरैना में रिकवरी रेट बहुत अच्छी होने के कारण अधिकतर लोग 7 दिन में ही रिकवर होकर जल्दी घर के लिये डिस्चार्ज हो रहे है। सिविल सर्जन डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि मुरैना जिले में अभी तक कुल 17 हजार 824 लोंगो की सैम्पलिंग कराई गई है। जिनमें से कुल 1401 व्यक्ति अभी तक संक्रमित पाये गये थे, जिन्हें जिला चिकित्सालय सहित अस्थाई अस्पतालों में से आज तक 1123 मरीज रिकवर होकर अपने घर के लिये डिस्चार्ज हो चुके है।

## बीएलओ रघुराज सिंह कुशवाह एवं बीरबल टेगौर को निंलबन का नोटिस

**मुरैना।** सहायक रिटर्निंग ऑफीसर विधानसभा क्षेत्र 07 दिमनी के प्रतिवेदन से अवगत कराया गया कि प्राथमिक शिक्षक बीएलओ रघुराज सिंह कुशवाह, बीरबल टेगौर द्वारा उप निर्वाचन 2020 के संबंध में मतदान केन्द्रों की जानकारी देने हेतु सेक्टर अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराई एवं दूरभाष पर निर्वाचन संबंधी कार्य करने से मना करने पर संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे ने निलंबन की कार्रवाही किये जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जबाव दो दिवस के अंदर मांगा गया है।

## पटवारी अपने निजी लेपटॉप व कम्प्यूटर में एम ए सी एड्रेस रजिस्टर कर सकेंगे

**मुरैना।** मध्यप्रदेश भू-अभिलेख समिति द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोर्टलूण्उचइीनसमाीण्पद के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस पोर्टल को मुख्य रूप से विभाग के पटवारियों द्वारा उपयोग में लिया जाता है, इस हेतु उन्हें विभाग द्वारा प्रदान किये गए लॉग इन-पासवर्ड के अलावा ओ.टी.पी. का उपयोग करना होता हैं। चूँकि पटवारियों का कार्यक्षेत्र ग्रामीण होने एवं मोबाइल नेटवर्क की समस्या के कारण कई बार यह पाया गया है कि ओ.टी.पी. प्राप्त होने में काफी समय लग जाता हैं अथवा प्राप्त नहीं हो पाता हैं। इस समस्या का निराकरण करते हुये यह सुविधा प्रदान की गई हैं कि पटवारी अपने द्वारा उपयोग किये जाने वाले पर्सनल लैपटॉप का पर एमएसी एड्रेस रजिस्टर कर सकते हैं। जिससे पटवारियों द्वारा बिना ओ.टी.पी. के इस पोर्टल पर लॉग इन किया जा सकता है। ज्ञात हो कि विभाग का लक्ष्य है कि प्रदेश में पदस्थ सभी पटवारियों द्वारा उपयोग किये जाने वाले लैपटॉप व कम्प्यूटर के एमएसी एड्रेस को जल्द से जल्द दर्ज किया जाये जिससे उनकी सुगमता एवं कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके।

# रोटरी एवं रोटरेक्ट क्लब द्वारा वूमेन हाईजिन जागरूकता कार्यक्रम का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

**मुरैना।** रोटरी एवं रोटरेक्ट क्लब द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर चलाए जा रहे वूमेन हाइजीन कार्यक्रम का बुधवार को कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने अपने कक्ष में पोस्टर रिलीज कर शुभारंभ किया। सर्वप्रथम रोटरेक्ट क्लब की अध्यक्ष नैंसी बंसल ने कलेक्टर को पूरी कार्य योजना के बारे में बताया कि कैसे हम लोग महिला सुरक्षा से जुड़े इस कार्यक्रम को किस प्रकार जन अभियान बनाकर इस हेतु प्रचार प्रसार करें। कलेक्टर श्रीमती दास ने जागरूकता हेतु बनाए गए पोस्टर रिलीज किया और इस अवसर पर रोटरी क्लब के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक भारत में यह विसंगति है कि मासिक धर्म से होने वाली महिलाओं में केवल 36 प्रतिशत महिलाऐं और बेटियां सैनेट्री पैड का प्रयोग कर रही हैं बांकी बेटियां और महिलाऐं सादा कपड़ा, कपड़े के बीच में रेत, राख, घास जैसी शरीर में बीमारी फैलाने वाली चीजें प्रयोग करती हैं उन्होंने



अपील की कि इस रक्षाबंधन पर हर भाई अपनी बहन को और हर पिता अपनी बेटी को सैनेट्री पैड के रूप में स्वस्थ जीवन का उपहार दें। इस विषय में जानकारी देते हुए रोटरेक्ट क्लब की सचिव योशिता मित्तल ने कहा कि सभी लोग इस जागरूकता अभियान से जुड़ने के लिए इस रक्षाबंधन पर सैनेट्री पैड के रूप में अपने परिवारजन को उपहार स्वरूप प्रदान करते हुए एक फोटो खीचें या वीडियो बनाकर इस नम्बर 7350088989 पर व्हाटसएप करें। इस अवसर पर रोटरी क्लब के इस अभियान के संयोजक ओ. पी. गुप्ता जी ने कहा कि आपका भेजा हुआ यह फोटो हर उस रूढ़िवादी मान्यता पर प्रहार होगा जिसमें हम इस संवेदनशील विषय पर बात भी नहीं कर पाते। क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. संजय शर्मा जी ने कहा इस रक्षाबंधन हम सब मिलकर मानसिक संकोच के बंधनों को तोड़कर समाज की मातृ शक्ति को उसकी सुरक्षा का उपहार दें। इस अवसर पर रोटरेक्ट प्रेसिडेंट नैंसी बंसल, सचिव योशिता मित्तल, अमन बंसल, अनुष्का शर्मा, राधिका शर्मा एवं अन्य रोटरेक्ट उपस्थित थे। रोटरी क्लब मुरैना से डॉ. संजय शर्मा, अध्यक्ष सीए प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद कुलश्रेष्ठ, दीपक मोदी, रजनीश दुबे, ओ. पी. गुप्ता, अंशुल गोयल, कपिल मितत्तल, राकेश शर्मा जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# महिला पहलवान गीता फोगाट को ओलंपिक में पदक की उम्मीदें

**नई दिल्ली।** पहलवान गीता फोगाट ने अगले साल जापान में होने वाले टोक्यो ओलंपिक की तैयारियां शुरु कर दी हैं। गीता ने टेबल टेनिस खिलाड़ी मुदित दानी के साथ सोशल मीडिया पर बातचीत के दौरान यह बात कही। गीता ने कहा कि ओलंपिक के स्थगित होने से उन्हें इसकी तैयारियों के लिए और समय मिल गया है। इससे पहले कोरोना वायरस महामारी के कारण ओलंपिक को एक साल तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन अब अगले साल 23 जुलाई से 8 अगस्त तक किया जाएगा। गीता ने कहा, %ओलंपिक स्थगित होने से मेरी इस टूर्नामेंट में भाग लेने की उम्मीद बढ़ गई है। इस एक साल में मुझे ट्रायल और क्वॉलिफिकेशन इवेंट की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिलेगा।% उन्होंने कहा, % मेरी प्रयास फिटनेस बनाये रखना रहेगा। इसके बाद जो भी क्वॉलिफिकेशन टूर्नामेंट होगा मैं



उसमें हिस्सा लूंगी और ओलंपिक का टिकट हासिल करने की कोशिश करूंगी।% विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता गीता की शादी पहलवान पवन कुमार सरोहा से साल 2016 में हुई थी। गीता ने पिछले साल दिसंबर में ही बेटे को जन्म दिया था। गीता ने कहा कि प्रेग्नेंसी के बाद शुरुआत में काम करने में मुश्किल होती है, लेकिन वो जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेंगी। गीता ने कहा, %मैंने कुछ समय बाद ही ट्रेनिंग शुरू कर दी थी, लेकिन डॉक्टर ने मुझे इसके लिए इंतजार करने के लिए कहा। हम पहलवानों को हल्का वर्कआउट करने की आदत नहीं है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से मैंने यह शुरू किया है। प्रतिद्वंद्वी के बिना ट्रेनिंग करना मुश्किल है, इसलिए मैं घर में रहकर व्यायाम कर रही हूं। उन्होंने कहा, %पिछले चार-पांच सालों में भारत के प्रदर्शन में काफी बदलाव आया है। विनेश फोगाट सहित हमारे चार पहलवानों ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वॉलिफाई किया है। यह दिखाता है कि हमारे पहलवान ओलंपिक के लिए किस तरह तैयारी कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर सभी इसी प्रकार प्रदर्शन करते रहे तो हमें ओलंपिक में पदक मिलने की पूरी संभावनाएं हैं।

## राउफ की जगह आमिर हो सकती हैं शामिल

**कराची।** पाकिस्तान के बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर इंग्लैंड दौरे पर खेली जानी वाली टी20 श्रृंखला में हारिस राउफ की जगह शामिल किये जा सकते हैं। हारिस अपने एक और कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पाये गये हैं। आमिर इससे पहले अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस दौरे से हट गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार आमिर ने स्वयं को टीम के लिए उपलब्ध बताया है। उन्हें हालांकि इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले कोविड-19 की जांच में निगेटिव आना होगा। आमिर का उनका दूसरा परीक्षण दो दिनों के बाद होगा। अगर वह जांच में निगेटिव रहे तो 28 अगस्त से मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला में टीम से जुड़ सकते हैं। वहीं मुख्य कोच मिस्बाह-उल-हक चाहते भी चाहते हैं कि राउफ की जगह आमिर को टीम में शामिल किया जाए। पाकिस्तान को इस दौरे पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच अगस्त से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के बाद इतने ही मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलनी है। कोरोना वायरस महामारी के कारण सभी मैचों को जैव सुरक्षित वातावरण में खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम को रहना होगा 14 दिनों के पृथकवास में : हॉकली



**कैनबरा।** इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम को 14 दिनों तक के लिए क्वारंटाइन (पृथकवास) में रहना पड़ सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकली ने कहा है भारतीय टीम के साथ ही उसके सहायक स्टाफ को भी पृथकवास में रहना होगा। हॉकली के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए यह आवश्यक है। वहीं इससे पहले भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा था कि टीम दौरे पर जाएगी लेकिन पृथकवास की अवधि कम होनी चाहिये क्योंकि इससे खिलाड़ियों के अवसाद में आने का खतरा रहता है। हॉकली ने हालांकि यह भी कहा कि सीए इस बात का पूरा ध्यान रखेगी कि खिलाड़ी क्वारेंटीन के दौरान होटल के कमरे में ही बंद ना रहें बल्कि वहां रहकर उन्हें ट्रेनिंग की भी इजाजत दी जाए। जिससे उनका मन भी लगा रहेगा।

# एफएसडीएल के ओन से एआईएफएफ की हालात बेहतर हुई : कुशाल



**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशाल दास ने कहा कि फुटबॉल खेल विकास लिमिटेड (एफएसडीएल) से जुड़ने का एआईएफएफ को बेहद लाभ हुआ है। जब वह 2010 में इस संस्था से जुड़े थे तो इसकी आर्थिक हालत बेहद खराब थी पर अब उससे 100 फीसदी बेहतर हो गयी है और इसका श्रेय व्यावसायिक सहभागियों के साथ सही समय पर किये गये हस्तक्षेप को भी जाता है। दास ने कहा कि फुटबॉल खेल विकास लिमिटेड (एफएसडीएल) ने युवाओं से जुड़ी गतिविधियों और युवा लीग का ढांचा तैयार करने में अहम भूमिका निभायी है। एआईएफएफ के अनुसार दास ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो अगर एफएसडीएल नहीं आता तो मैं नहीं जानता कि भारतीय फुटबॉल का क्या होता। '' उन्होंने कहा, ''यह भारतीय फुटबॉल के लिये वरदान है कि एसएसडीएल सही समय पर उससे जुड़ा। शीर्ष स्तर की फुटबाल प्रतियोगिताओं के मामले में अभी जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं वे 2010-11 की तुलना में 100 फीसदी बेहतर हैं।'' दास ने कहा कि 2010 में जब वह महासचिव बने तो उनकी प्राथमिकता महासंघ की वित्तीय स्थिति सुधारना थी। उन्होंने कहा, ''उस समय पहली प्राथमिकता वित्तीय स्थिति में सुधार करना था क्योंकि प्रायोजक के तौर पर जी ने हटने का फैसला कर दिया था और हमारे पास नया मार्केटिंग सहभागी नहीं था। हमारे पास पैसा नहीं था। वित्तीय स्थिति बहुत खराब थी। ''दास ने कहा, ''हम ऐसी स्थिति में थे कि जब एएफसी एशियाई कप के लिये राष्ट्रीय टीम पुर्तगाल और स्पेन में तैयारियां कर रही थी तब इन अभ्यास मैचों का आयोजन करने वाले लोगों की बहुत देनदारियां थी।

# अब खाली स्टेडियम में ही होंगे मैच

**जागरेब।** क्रोएशिया फुटबॉल महासंघ ने अब अपने पहले वाले फैसले को बदलते हुए कहा कि आने वाले मैच अब खाली स्टेडियमों में ही होंगे। महासंघ ने कहा कि कोरोनावायरस संक्रमण के मामले अचानक बढ़ने से उसने यह यह फैसला लिया है। इससे पहले जून के मध्य से कुछ दर्शकों को क्रोएशिया की खेल प्रतियोगिताओं के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहने की अनुमति दी गई थी जिसमें



शीर्ष स्तर के फुटबॉल मुकाबले शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार 40 लाख की जनसंख्या वाले क्रोएशिया में सोमवार तक कोरोनावायरस के 4370 पुष्ट मामले सामने आये थे जबकि 122 लोगों की मौत हो गयी है। शीर्ष स्तर की पुरुष लीग का खिताब डाइनेमो जाग्रेब जीत गया है और शनिवार को एक और दौर का मुकाबला होगा जबकि एक अगस्त को नेशनल कप का फाइनल होगा। इसके अलावा महिला प्रतियोगिताएं भी खाली स्टेडियम में ही खेली जाएंगी। कुछ अन्य देशों में भी सीमित संख्या में दर्शकों को आने की अनुमति दी गयी है।

## (एडीलेड) आईपीएल खेलना अच्छा रहेगा : विलियमसन

**एडीलेड।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का कहना है कि पहले की तरह ही इस साल भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खेलना बहुत अच्छा होगा। विलियमसन ने माउंट माउंगानुई में बे ओवल में फिर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है क्योंकि न्यूजीलैंड में कोरोनोवायरस का प्रसार रुक गया है। विलियमसन ने कहा कि अभी हम स्थिति का आंकलन कर रहे हैं कि कहां क्या चल रहा है। आईपीएल में खेलना और उसका हिस्सा बनना हमेशा ही सुखद रहता है। वहीं, टी-20 विश्व कप के स्थगित होने पर उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह बड़ा आयोजन था। मुझे लगता है कि प्रबंधन तय करना चाहता था कि खिलाड़ी सुरक्षित रहें। विलियमसन आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलेंगे। वहीं डेविड वार्नर टीम की अगुवाई करेंगे। विलियमसन ने आईपीएल में अब तक 41 मैच खेले हैं, जिसमें 38.29 की औसत से 1,302 रन बनाए हैं। टी20 विश्व कप स्थगित होने के बाद बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया है कि वह सितंबर-नवंबर में आईपीएल करवा सकता है।

# तीसरे टेस्ट में होगी आर्चर की वापसी

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में शामिल किया जाएगा। इससे पहले जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के उललंघन को देखते हुए आर्चर को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर करने के साथ ही क्वारंटाइन (पृथकवास) में भेज दिया था। आर्चर ने अपनी गलती स्वीकार करने के साथ ही प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए माफी भी मांगी थी।



कोरोना वायरस संक्रमण के दौर में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज चल रही है। यह सीरीज जैविक सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कराई जा रही है। आर्चर पहले टेस्ट के बाद अपने घर चले गये थे। इसके कारण इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उन्हें दूसरे मैच से बाहर किया था और पांच दिनों तक अलग-थलग रखा था। इसके बाद आर्चर की दो बार कोरोना जांच हुई और दोनों बार रिपोर्ट निगेटिव आने पर उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल कर लिया गया।

# बजाज फिनसर्व का पहली तिमाही मुनाफा 44 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** बजाज समूह की कंपनी बजाज फिनसर्व का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 44 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,215 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी की बीमा अनुषंगी से अच्छी कमाई होने से कंपनी के लाभ में यह वृद्धि दर्ज की गई। बजाज समूह की वित्तीय सेवाओं की इस इकाई ने एक साल पहले की इसी तिमाही में 845 करोड़ रुपए का मुनाफा हासिल किया था। कंपनी ने कहा है कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 16 प्रतिशत बढ़कर 14,192 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 12,272 करोड़ रुपए रही थी। बजाज फिनसर्व के एकीकृत कारोबार में उसकी तीन अनुषंगी कंपनियों के परिणाम शामिल हैं। इनमें बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल), बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (बीएजीआईसी) और बजाज एलायंज लाइफ इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (बीएएलआईसी) शामिल हैं।

## दुनिया का पहला फाइनेंशियल मूवीज प्लेटफॉर्म, मनीफ्लिक्स लांच

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े ब्रोकरेज घरानों में से एक, शेयरखान ने देश में वित्तीय शिक्षा में डिजिटल क्रांति लाने हेतु अपना पहला एडुटेनमेंट प्लेटफॉर्म मनीफ्लिक्स लांच किया। मनीफ्लिक्स का उद्देश्य बाजार के नए और अनुभवी दोनों ही तरह के निवेशकों व ट्रेडर्स को बेहतर तरीके से फाइनेंस समझने में सहायता प्रदान करना है और इस प्रकार,उन्हें इस कदर सक्षम बनाना है, ताकि वहां वित ?त बाजार के अवसरों का लाभ ले सकें। इस मौके पर, मनीफ्लिक्स के हेड, राहुल घोष ने कहा, वित्त सेवा इंडस्ट्री में तकनीक के समावेशन ने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, वित्तीय साक्षरता को लेकर किए जाने वाले प्रयास प्राय जटिल रहे हैं और इसकारण, यह विचार था कि ऐसा कंटेंट तैयार किया जाए जो मिलेनियल्स को भी पसंद आये।

# चांदी 60 हजार रुपए प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर पर

**मुंबई।** सोने और चांदी की कीमतें नई ऊंचाई पर पहुंच गईं। चांदी की कीमत 60,000 रुपए प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गई, जबकि सोना भी 50,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर को तोड़ने के करीब है। भारतीय वायदा बाजार में चांदी का भाव 23 जनवरी 2013 में 59,974 रुपए प्रति किलो तक उछला था जो कि इससे पहले का रिकॉर्ड स्तर था। चांदी का अंतरराष्ट्रीय वायदा बाजार कॉमेक्स पर 23 डॉलर प्रति औंस के ऊपर चला गया है। कॉमेक्स सोने का भाव भी 1866.75 डॉलर प्रति औंस तक उछला जो



कि नौ सितंबर 2011 के बाद ऊंचा स्तर है जब सोने का भाव 1881 डॉलर प्रति औंस के करीब था, जबकि कॉमेक्स पर सोने का भाव छह सितंबर 2011 में 1911.60 डॉलर प्रति औंस तक उछला था जो कि अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी के सितंबर एक्सपायरी अनुबंध में बुधवार को सुबह बीते सत्र के मुकाबले 3208 रुपए की तेजी के साथ 60550 रुपए प्रति किलो पर कारोबार चल रहा था, जबकि इससे पहले चांदी का भाव एमसीएक्स पर 58000 रुपए प्रति किलो पर खुला और 60,782 रुपए प्रति किलो तक उछला जो कि एक नया रिकॉर्ड है। एमसीएक्स पर सोने के अगस्त वायदा अनुबंध में पिछले सत्र से 435 रुपए की तेजी के साथ 49,962 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार चल रहा था जबकि इससे पहले सोने का भाव एमसीएक्स पर 49,975 रुपए प्रति 10 ग्राम तक उछला जो कि अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। जल्द ही सोना 50 हजारी बनने वाला है। उधर अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में चांदी के सितंबर वायदा अनुबंध में पिछले सत्र से 1.163 डॉलर यानी 5.39 फीसदी की तेजी के साथ 22.720 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार चल रहा था, जबकि कारोबार के दौरान कॉमेक्स पर चांदी का भाव 23.185 डॉलर प्रति औंस तक उछला। कॉमेक्स पर सोने के अगस्त वायदा अनुबंध में पिछले सत्र से 14.75 डॉलर यानी 0.80 फीसदी की तेजी के साथ 1858.65 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार चल रहा था, जबकि इससे पहले सोने का भाव कारोबार के दौरान 1866.75 डॉलर प्रति औंस तक उछला।



## कलेक्टर एवं एसपी ने बाजारों का भ्रमण कर दुकानदारों से कहा

# आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी सुनिश्चित किया जाए

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। शहर में लॉकडाउन हटाकर अब शाम 7 बजे तक बाजार खोलने के आदेश भी जारी किए गए हैं। बाजारों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करने के लिये भी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन ने बुधवार को शहर का भ्रमण कर व्यापारियों से भी चर्चा की और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पड़ाव, फूलबाग, जयेन्द्रगंज के साथ ही दाल बाजार का भी भ्रमण कर व्यापारियों से चर्चा की। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी व्यापारियों से कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिये सभी लोगों को सावधानियां बरतना आवश्यक है। सोशल डिस्टेंसिंग संक्रमण की रोकथाम के लिये सबसे जरूरी कदम भी है। उन्होंने




सभी दुकानदारों से कहा है कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर कार्य करने वाले सभी लोगों को मास्क लगाकर रहने के निर्देश दें। इसके साथ ही जो लोग भी दुकान पर सामग्री लेने आते हैं वह लोग भी मास्क लगाकर ही सामान लें, यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी बाजारों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। कहीं पर भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न पाए जाने और बिना मास्क के दुकानों पर कार्य होता पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बाजार में अगर संक्रमण फैलने की स्थिति सामने आती है तो सम्पूर्ण बाजार को बंद करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने व्यापारियों को बताया कि आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिये शाम 7 बजे तक दुकानें खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। सभी व्यापारी शाम 7 बजे दुकानें बंद कर रात्रि 8 बजे तक अनिवार्यतः अपने-अपने घरों में पहुँचें। रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक कर्फ्यू लगाया गया है। रात्रि 8 बजे के बाद कोई भी व्यक्ति बिना कार्य के घूमता पाया गया तो संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन ने दुकानदारों से आग्रह किया है कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर अतिरिक्त मास्क भी रखें। अगर कोई व्यक्ति बिना मास्क के आता है तो उसे मास्क की राशि प्राप्त कर मास्क प्रदान करने की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने दुकानदारों से कहा है कि कोरोना के संक्रमण को रोकने की जवाबदारी हम सभी की है। इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है। व्यापारियों द्वारा अपनी-अपनी दुकान पर अगर सतर्कता बरती जाए तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होगा और हम संक्रमण की रोकथाम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा कर सकेंगे।

# तीन हजार रूपये के फरारी इनामी बदमाष गिरफ्तार

ग्वालियर 22.07.2020। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन,भापुसे द्वारा फरारी एंव इनामी बदमाषों की धरपकड हेतु जिले मे ंचलाये जा रह े अभियान के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक,ग्वालियर शहर-पूर्व, श्रीमती सुमन गुर्ज र एवं नगर पुलिस अधीक्षक,मुरार श्री रामनर ेष पचौरी ने अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को फरारी एंव इनामी बदमाषों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में दिनांक 22.07.2020 को नगर पुलिस अधीक्षक,मुरार श्री रामनर ेष पचौरी को जरिय े मुखबिर सूचना प्राप्त हुइ कि वर्ष 2019 में थाना गोला का मंदिर के दहेज हत्या के



आपराधिक प्रकरण में फरार चल रहे 03 हजार रूपये के फरारी इनामी बदमाष स ंदीप बध ेल को मोहन सिंह का पुरा जिला भिंड में देखा गया है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करतेहुये नगर पुलिस अधीक्षक,मुरार श्री रामनर ेष पचौरी ने थाना गोला का मंदिर व थाना ठाठीपुर की सयुक्त टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर बदमाष को घरदबोचा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संदीप बघेल पुत्र रामौतार उम्र 27 वर्ष निवासी किषनपुरा गा ेरमी जिला भिंड बताया। गिरफ्तार बदमाष थाना गोला का मंदिर के वर्ष 2019 में दहेज हत्या का अपराध घटित कर फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 03 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। सराहनीय भूमिकाः उक्त बदमाष को गिरफ्तार करने में थाना गोला का म ंदिर स े उनि0 हरेन्द्र सिंह भदौरिया आर0 शषिकांत शर्मा, थाना ठाठीपुर से सउनि0 अनिल जाट, आर0 यतेन्द्र राणा, अभिष ेक तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

# क्राइम ब्रांच ने दो इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार



**ग्वालियर।** क्राइम ब्रांच ने अलग अलग स्थानों से दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर नवनीत भसीन,भापुसेद्वाराफरारी एंव इनामी बदमाषों की धरपकड हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के दौरान अति0पुलिस अधीक्षक, अपराध सत्येन्द्र सिंह तोमर एवं उप पुलिस अधीक्षक,अपराध रत्नेष सिंह तोमर ने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारी दामोदर गुप्ता को फरार एंव इनामी बदमाषों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषितकिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में आज थाना प्रभारी निरी0 दमोदर गुप्ता को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि वर्ष 2017 में थाना विष्वविद्यालय के अप0क्र0 385/17 धारा 307,323,294,506,147,148 भादवि के मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले के फरार चल रहा बदमाष भूपेन्द्र सिंह को विक्की फैक्ट्री के आस पास देख गया है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी क्राइम दमोदर गुप्ता ने थाना क्राइम ब्रांच एंव थाना विष्वविद्यालय की सयुक्त टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर एक बदमाष को धरदबोचा। गिरफ्तार बदमाष से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम भूपेन्द्र सिंह पुत्र पंचम सिंह कंषाना उम्र 28 साल निवासी ओहदपुर थाना विष्वविद्यालय ग्वालियर बताया। गिरफ्तार बदमाष वर्ष 2017 में थाना विष्वविद्यालय में मारपीट की हत्या का प्रयास की धटना को अजांम देकर फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 03 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। सराहनीय भूमिकाः उक्त बदमाषको गिरफ्तार करने मेंथाना प्रभारी क्राइम ब्रांचनिरी0 दामोदर गुप्ता, प्र.आर0 गुलषन सोनकर आर0 लोकेन्द्र राणा, रणवीर यादव, अंगद यादव, हरिओम व्यास, एंव थाना विष्वविद्यालय के सउनि0 अमर सिंह विजपुरिया आर0 जगदीष, उमेष की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी निरी0 दमोदरगुप्ता को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि वर्ष 2017 में थाना आरोन केअप0क्र0 41/17 धारा 457,380 भादवि0 हुईचोरी की धटना को अंजामदेनेवाला फरारी एंव इनामी बदमाष हरगोविंद को मेला ग्राउण्ड परिसर सन सिटी के आसपास देखा गया है।उक्तसूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी क्राइम दमोदर गुप्ता ने मय क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मुखबिर के बताये स्थान की धेराबंदी कर एक बदमाष को धरदबोचा।गिरफ्तार बदमाष से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हर गोविंद पुत्र दिलीप सिंह परिहार निवासी सीताराम की लावन थाना गोरमी जिला भिंड बताया। गिरफ्तार बदमाष की तलाषी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का 01 देषीकट्टा व 01जिंदा राउंड वरामद किया गया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्वालियर।** शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र में स्थित मोहन नगर में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाने के मोहन नगर में रहने वाला साहिल अवस्थी 29 वर्ष बीते रोज बाजार गया और उसके बाद घर आकर कमरे में चला गया! थोड़ी देर बाद जब उसका भाई कमरे में पहुंचा तो साहिल का शव फांसी पर लटकता देख उसकी चीख निकल गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है!

## प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रिगणों ने केन्द्रीय मंत्री तोमर के छोटे भाई के निधन पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त की



**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रिगण आज ग्वालियर में केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के आवास पर पहुँचे और उनके छोटे भाई के निधन पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त की। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव, वित्त एवं वाणिज्यिककर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, पशुपालन एवं सामाजिक न्याय मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल तथा प्रोटेम स्पीकर श्री रामेश्वर शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के अनुज स्व. अजय प्रताप सिंह तोमर (मुन्नू भैया) के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। मंत्रिगणों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की और केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर सहित शोक संतृप्त परिजनों से भेंट कर सांत्वना प्रदान की। केद्रीय मंत्री श्री तोमर के अनुज मुन्नू भैया का नईदिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में कैंसर का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गत शनिवार को उनका निधन हो गया था।

## एमएसएमई मंत्री, म. प्र. शासन, ओमप्रकाश सकलेचा के ग्वालियर प्रवास के अवसर पर

# अंचल के औद्योगिक विकास पर चेम्बर ने ज्ञापन सौंपकर की चर्चा



**ग्वालियर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, म. प्र. शासन, माननीय श्री ओमप्रकाश सकलेचा जी के आज ग्वालियर प्रवास के अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष-विजय गोयल एवं मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने भेंट की एवं माननीय मंत्री जी को ग्वालियर अंचल की एमएसएमई उद्यमों की समस्याओं एवं अंचल के औद्योगिक विकास पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर चर्चा की गई । साथ ही, माननीय श्री सकलेचा जी को 'चेम्बर ऑफ कॉमर्स' में पधारने हेतु सादर आमंत्रित किया गया । इस अवसर पर माननीय मंत्री-श्री ओमप्रकाश सकलेचा जी ने कहा कि मैं, 10 दिन के अंदर ही पुनः ग्वालियर आऊँगा और एमएसएमई की जो भी समस्याएँ हैं, आपके साथ बैठकर विस्तार से चर्चा की जाएगी ।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, म. प्र. शासन, माननीय श्री ओमप्रकाश सकलेचा जी के साथ, आज अध्यक्ष-विजय गोयल एवं मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई :-

* औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाईरों के भूखण्डों को 'फ्री-होल्ड' किरा जाए ।
* 30 रा 50 वर्ष पुरानी औद्योगिक इकाईरों को डबल स्टोरी निर्माण की अनुमति प्रदान की जाए ।
* उद्योगों पर बकाया राशि को एकमुश्त जमा करने पर ब्याज व पेनल्टी से छूट प्रदान की जाए ।
* एमएसएमई को केन्द्र सरकार द्वारा कोविट-19 के कारण बगैर गारंटी के दिए जा रहे लोन पर राज्य सरकार द्वारा ली जा रही 'स्टॉम्प ड्यूटी' को माँफ किया जाए ।
* औद्योगिक इकाई के हस्तांतरण पर विकास शुल्क को समाप्त किरा जाए ।
* ग्वालियर अंचल के औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ।
* औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के निर्माण की समर-सीमा तर की जाए ।
* तीहरे करारोपण समाप्त किरा जाए ।
* बानमौर औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिक फारर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना की जाए।
* सेण्ड स्टोन के निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्?चित की जाए ।

# सड़कों के सुधार का कार्य तेजी के साथ करें, बरसात में आम जनों को परेशानी न हो

## संभागीय आयुक्त ओझा ने की शहर विकास के कार्यों की समीक्षा

**ग्वालियर ।** शहरी क्षेत्र में बरसात को देखते हुए सड़कों के सुधार का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। नगर निगम सीमा क्षेत्र में अमृत परियोजना के तहत सीवर एवं पानी की लाईन जिन सड़कों पर डाली गई है, उन सड़कों को ठीक करने का कार्य भी तत्परता से किया जाए। लाइन डालने के बाद सड़क को जैसी थी वैसी ही स्थिति में पुनः बनाया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। संभागीय आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक श्री एम बी ओझा ने बुधवार को नगर निगम के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं। नगर निगम सीमा क्षेत्र मे किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मोतीमहल में आयोजित हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, अधीक्षण



यंत्री श्री आर एल एस मौर्य, अधीक्षण यंत्री जनकार्य श्री प्रदीप चतुर्वेदी, कार्यपालन यंत्री जनकार्य श्री प्रेम पचौरी सहित निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारी एवं निगम के जोनल अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री ओझा ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में पानी एवं सीवर की लाईन बिछाने के लिये खोदी गई सड़कों को यथास्थिति बनाने का कार्य तत्परता से किया जाए। अमृत परियोजना की निर्माण एजेन्सियां सड़क सुधार के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। परियोजना से जुड़े अधिकारी सड़कों के सुधार के कार्य की मॉनीटरिंग कर कार्य तत्परता से पूर्ण कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शहर विकास के लिये जो कार्य स्वीकृत हैं उन्हें तत्परता से पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए। संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने बैठक में कहा कि शहर विकास के ऐसे कार्य जिनमें टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है उनमें कार्य आदेश जारी कर ठेकेदारों के माध्यम से कार्य तत्परता से प्रारंभ कराए जाएं। पानी की टंकियों का निर्माण कार्य भी तेजी के साथ हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अमृत परियोजना के तहत सीवर एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जो कार्य किया जा रहा है उसमें भी गति लाएं।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रृंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478